# TEST-01

Q1. निम्नलिखित में से कौन सा ताम्र पाषाणिक स्थल उत्तर प्रदेश में स्थित नहीं है?
**(A)** नहरान **(B)** नवदाटोली
**(C)** खैराडीह **(D)** सोहगौरा

Q2. भारत में सर्वप्रथम कृषि का प्रारंभ किस काल में हुआ?
**(A)** नव पाषाण काल **(B)** मध्य पाषाण काल
**(C)** पुरापाषाण काल **(D)** ताम्र पाषाण काल

Q3. निम्नलिखित में से कौन सा सुमेलित नहीं है?
**स्थल - उत्खननकर्ता**
**1.** हड़प्पा - राखलदास बनर्जी
**2.** चन्हुदड़ो - मैके
**3.** रोपण - यज्ञदत्त शर्मा
**4.** लोथल - आर एस बिष्ट
**विकल्प -**
**(A)** 1 और 2 **(B)** 2 और 3
**(C)** 3 और 4 **(D)** 1 और 4

Q4. सिंधु घाटी सभ्यता का कौन सा स्थल प्राक हड़प्पा, हड़प्पा कालीन एवं हड़प्पोत्तर तीनों कालों का प्रतिनिधित्व करता है?
**(A)** मोहनजोदड़ो **(B)** बनावली
**(C)** मांडा **(D)** हुलास

Q5. निम्नलिखित में से कौन सा सही सुमेलित है?
**(A)** दैमाबाद - गोदावरी
**(B)** आलमगीरपुर - यमुना
**(C)** सुत्कांगेडोर - दाश्क
**(D)** मांडा - सिंधु

Q6. हड़प्पा सभ्यता का प्रमुख स्थल ' शॉरतुलई ' वर्तमान में किस देश में स्थित है?
**(A)** पाकिस्तान **(B)** अफगानिस्तान
**(C)** चीन **(D)** भारत

Q7. निम्नलिखित में से किस पशु का चित्र हड़प्पा सभ्यता की मुहरों पर नहीं पाया गया?
**(A)** बैल **(B)** हिरन
**(C)** घोड़ा **(D)** गैंडा

Q8. हड़प्पा सभ्यता के संबंध में कौन सा कथन असत्य है?
**(A)** हड़प्पा सभ्यता की लिपि भावचित्रात्मक थी जिसे अभी तक पढ़ा नहीं जा सका है।
**(B)** हड़प्पा सभ्यता का समाज मातृसत्तात्मक प्रकृति का था।
**(C)** हड़प्पा सभ्यता के धार्मिक रीति रिवाजों में समानता विद्यमान थी।
**(D)** हड़प्पा वासी पुनर्जन्म में विश्वास रखते थे।

Q9. सिंधु सभ्यता के पतन के संबंध में कौन एक प्रचलित मत है?
**(A)** बाढ़ और भूकंप जैसी प्राकृतिक आपदा
**(B)** नदी मार्ग परिवर्तन
**(C)** आर्यों का आक्रमण
**(D)** उपर्युक्त सभी

Q10. प्राचीन आर्यों के निवास स्थल 'सप्त सिंधु' के क्षेत्र विस्तार में कौन सी नदी शामिल नहीं है?
**(A)** वितस्ता **(B)** अस्क्नि
**(C)** गोमल **(D)** सरस्वती

Q11. शतपथ ब्राह्मण किस वेद का ब्राह्मण ग्रन्थ है?
**(A)** यजुर्वेद **(B)** ऋग्वेद
**(C)** अथर्ववेद **(D)** सामवेद

Q12. उत्तर वैदिक काल में 'कृषि का देवता' किसे कहा गया?
**(A)** सूर्य **(B)** इंद्र
**(C)** वरुण **(D)** विष्णु

Q13. निम्नलिखित में से कौन सा सुमेलित है ?
**जैन तीर्थंकर - प्रतीक चिन्ह**
**(A)** नेमिनाथ - अश्व
**(B)** अजितनाथ – कलश
**(C)** पार्श्वनाथ - सर्प
**(D)** मल्लिनाथ - सिंह

Q14. बौद्ध दर्शन के अनुसार कौन सा कथन सत्य है ?
1 - बौद्ध आत्मा की सत्ता को स्वीकार करते हैं।
2 - बौद्ध पुनर्जन्म के सिद्धांत को नहीं मानते।
**विकल्प -**
**(A)** 1
**(B)** 2
**(C)** 1 और 2 दोनों
**(D)** उपर्युक्त में से कोई नहीं

Best Study के लिए हमारी App को Download करें GK Trick By Nitin Gupta

Q15. निम्नलिखित में से कौन सा सुमेलित नहीं है?
**(A)** चेदि - सोत्थिवती
**(B)** अश्मक - पोटिल
**(C)** कंबोज - हाटक
**(D)** अंग - राजगृह

Q16. सर्वप्रथम पाटिलपुत्र को राजधानी के रूप में किसने स्थापित किया ?
**(A)** कनिष्क **(B)** उदयन
**(C)** प्रसेनजीत **(D)** बिंबसार

Q17. निम्नलिखित में से मौर्य काल में कौन शिक्षा का प्रमुख केंद्र नहीं माना जाता था ?
**(A)** नालन्दा **(B)** वाराणसी
**(C)** तक्षशिला **(D)** उज्जैन

Q18. भूमिदान का पहला अभिलेखीय साक्ष्य मिलता है-
**(A)** नासिक अभिलेख से
**(B)** नानाघाट अभिलेख से
**(C)** बेसनगर अभिलेख से
**(D)** मेहरौली चन्द्र अभिलेख से

Q19. निम्नलिखित में गुप्तकालीन पश्चिमी तट के बन्दरगाहों में कौन-सा सर्वप्रमुख बन्दरगाह था ?
**(A)** चौल बन्दरगाह **(B)** कल्याण बन्दरगाह
**(C)** कैम्बे बन्दरगाह **(D)** भड़ौच बन्दरगाह

Q20. भारत में हूण सत्ता की स्थापना किसके नेतृत्व में हुई थी-
**(A)** तोरमाण **(B)** साल
**(C)** मिहिरकुल **(D)** दन्तिदुर्ग

Q21. समुद्रगुप्त की प्रयाग- प्रशस्ति में वर्णित दक्षिण भारत की विजय को कहा गया है-
**(A)** दिग्विजय **(B)** दक्षिण विजय
**(C)** रणविजय **(D)** धर्मविजय

Q22. किस शासक को ग्रीक लेखकों ने 'अग्रमीज' एवं 'जैन्द्रमीज' नाम से पुकारा ?
**(A)** सिकंदर **(B)** घनानंद
**(C)** अशोक **(D)** चंद्रगुप्त

Q23. गुप्तचर प्रणाली का वर्णन करने वाला प्रथम ग्रंथ है-
**(A)** इण्डिका **(B)** अर्थशास्त्र
**(C)** दिव्यावदान **(D)** गार्गी संहिता

Q24. किसके सिक्कों पर संकर्षण एवं वासुदेव दोनों अंकित हैं?
**(A)** अगाथोवलीज **(B)** हुविष्क
**(C)** चंन्द्रगुप्त **(D)** भागभद्र

Q25. निम्नलिखित में से 'मन्दसौर प्रशस्ति' की रचना किसने की थी?
**(A)** वीरसेन शाव **(B)** हरिषेण
**(C)** वत्सभट्टि **(D)** कालिदास

Q26. निम्नलिखित में कौन सही सुमेलित नहीं है ?
**(A)** प्रियदर्शिका - हर्ष
**(B)** हर्षचरित - बाणभट्ट
**(C)** सूर्यशतक - मयूर
**(D)** मयूरशतक - जयसेन

Q27. निम्न में से अशोक ने किस गुफा का निर्माण बिहार के बराबर पहाड़ी में नहीं करवाया ?
**(A)** सुदामा गुफा **(B)** लोमर्षि गुफा
**(C)** कर्ण चौपार गुफा **(D)** विश्वझोपड़ी गुफा

Q28. मौर्यकालीन करों में कौन-सा एक प्रकार का धार्मिक कर था ?
**(A)** बलि **(B)** रज्जू
**(C)** विवीत **(D)** हरिण्य

Q29. निम्नलिखित में से किन शासकों ने प्रान्तों में द्वैध शासन प्रणाली का प्रचलन किया ?
**(A)** शकों तथा पार्थियन **(B)** कुषाणों ने
**(C)** शकों तथा कुषाणों ने **(D)** डेमेट्रियस ने

Q30. शतमान सिक्के किस धातु के ढाले जाते थे ?
**(A)** सोना **(B)** चांदी
**(C)** तांबा **(D)** सीसा

Q31. निम्न में से किस शासक ने नालन्दा विश्वविद्यालय की स्थापना करवाई ?
**(A)** स्कंदगुप्त **(B)** विक्रमादित्य
**(C)** महेंन्द्रादित्य **(D)** चंद्रगुप्त- I

Q32. निम्नलिखित में से कौन सा स्मारक पल्लव काल से संबंधित नहीं है?
**(A)** कैलाश नाथ मंदिर **(B)** धर्मराज रथ
**(C)** शोर मंदिर **(D)** लिंगराज मंदिर

Best Study के लिए हमारी App को Download करें GK Trick By Nitin Gupta

Q33. निम्नलिखित शासकों में से किसने वातापीकोंड उपाधि धारण की थी?
**(A)** महेंद्र वर्मन प्रथम **(B)** नरसिंह वर्मन प्रथम
**(C)** परमेश्वर वर्मन प्रथम **(D)** नंदी वर्मन द्वितीय

Q34. पल्लव वंश का अंतिम शासक कौन था?
**(A)** अपराजित **(B)** दंती दुर्ग
**(C)** परमेश्वर बर्मन **(D)** भद्र बर्मन

Q35. हिंदू, जैन एवं बौद्ध तीनों ही धर्म का प्रतिनिधित्व करने वाली गुफा है?
**(A)** नासिक **(B)** एलोरा
**(C)** पीतलखेड़ा **(D)** अजंता

Q36. 'उत्तररामचरितम्' के रचयिता कौन है?
**(A)** बिल्हण **(B)** भवभूति
**(C)** हेमचंद्र **(D)** जय देव

Q37. मोहम्मद गोरी गजनी जाते हुए किसके द्वारा मारा गया?
**(A)** जयचंद द्वारा **(B)** मलिकों द्वारा
**(C)** पृथ्वीराज चौहान द्वारा **(D)** खोखरों द्वारा

Q38. मृत्यु के उपरांत कुतुबुद्दीन ऐबक को दफनाया गया था-
**(A)** लाहौर में **(B)** रावलपिंडी में
**(C)** इस्लामाबाद में **(D)** दिल्ली में

Q39. बलबन का जन्म तुर्कों के किस संप्रदाय में हुआ था?
**(A)** इल्वरी **(B)** खिंफाई
**(C)** गुज्ज **(D)** करलुग

Q40. निम्नलिखित में से दिल्ली का प्रथम शासक कौन था जिसने दक्कन को भेदा था?
**(A)** अलाउद्दीन खिलजी **(B)** अहमद शाह
**(C)** मोहम्मद तुगलक **(D)** अली आदिलशाह

Q41. पैगंबर के सेनापति उपाधि का उपयोग किस सल्तनत सुल्तान ने किया?
**(A)** मुबारक शाह खिलजी **(B)** खुसरो शाह
**(C)** मोहम्मद तुगलक **(D)** इनमें से कोई नहीं

Q42. मसाहत निम्न से संबंधित था-
**(A)** भूमि **(B)** सिक्का
**(C)** सेना **(D)** न्याय

Q43. अमीर खुसरो ने अपनी रचना आशिका किसके आदेश पर लिखी?
**(A)** राय करण **(B)** देवल रानी
**(C)** खिज्र खान **(D)** अलाउद्दीन खिलजी

Q44. राष्ट्रकूट साम्राज्य का संस्थापक कौन था?
**(A)** कृष्ण प्रथम **(B)** दंति दुर्ग
**(C)** गोविंद द्वितीय **(D)** इनमें से कोई नहीं

Q45. चोल कालीन प्रशासनिक इकाई जो व्यापारियों के कल्याण की देखरेख करती थी-
**(A)** महासभा **(B)** कुरी
**(C)** नगरम **(D)** पेरुंगिरी

Q46. चंदेल साम्राज्य का जेजाकभुक्ति नाम किस चंदेल राजा के नाम से उत्पन्न हुआ?
**(A)** जय शक्ति **(B)** विजय शक्ति
**(C)** नन्नूक **(D)** हर्ष

Q47. निम्न में से किस मुगल सम्राट को उसकी की मृत्यु के पश्चात "अर्श आशियानी" कहा गया?
**(A)** अकबर **(B)** हुमायूँ
**(C)** शाहजहाँ **(D)** जहाँगीर

Q48. निम्न में से कौन सा युग्म सुमेलित नहीं है ?
**(A)** बहादुरपुर का युद्ध - 14 फरवरी,1658
**(B)** सामूगढ़ का युद्ध -15 अप्रैल,1658
**(C)** खजुआ का युद्ध -5 जनवरी,1659
**(D)** देवराई का युद्ध -13 मार्च,1659

Q49. शिवाजी और जयसिंह के मध्य पुरंदर की संधि कब हुई थी?
**(A)** 10 मई, 1664 **(B)** 10 मई,1665
**(C)** 11 जून 1665 **(D)** 18 जुलाई, 1667

Q50. बाबर का वजीर निजामुद्दीन बाबर के अंतिम समय में हुमायूं के स्थान पर किसे बाबर का उत्तराधिकारी बनाना चाहता था?
**(A)** अमीर उवैस **(B)** ख्वाजा गाजी
**(C)** मेहदी ख्वाजा **(D)** हिंदू बेग

Q51. निम्न में से किस इमारत को "ताजमहल का पूर्वगामी" कहा जाता है ?
**(A)** बीबी का मकबरा
**(B)** हुमायूँ का मकबरा
**(C)** बाबर द्वारा निर्मित संभल मस्जिद
**(D)** जोधाबाई का महल

Best Study के लिए हमारी App को Download करें GK Trick By Nitin Gupta

Q52. वैष्णव संत बल्लभाचार्य का संबंध किस संप्रदाय से था ?
(A) रुद्र संप्रदाय (B) श्री संप्रदाय
(C) ब्रह्म संप्रदाय (D) कुमार संप्रदाय

Q53. सूफी संत बहाउद्दीन जकारिया किस संप्रदाय से संबंधित थे ?
(A) चिश्ती संप्रदाय (B) सुहरावर्दी संप्रदाय
(C) नक्शबंदी संप्रदाय (D) उपर्युक्त में से कोई नहीं

Q54. ताताचार्य जो प्रसिद्ध दार्शनिक थे,इनका संबंध किस शासक से है ?
(A) देवराय द्वितीय (B) सदाशिव राय
(C) अच्युतराय (D) वेंकट द्वितीय

Q55. विजयनगर के शासकों में से किसने "राजव्यास"की उपाधि धारण की थी ?
(A) हरिहर प्रथम (B) बुक्का प्रथम
(C) हरिहर द्वितीय (D) देवराय द्वितीय

Q56. कुतुबशाही वंश का प्रसिद्ध बंदरगाह निम्न में से कौन था ?
(A) धोखर (B) मसूलीपट्टम
(C) देबल (D) उपर्युक्त सभी

Q57. जयमल और फत्ता नामक वीर योद्धाओं का संबंध किस स्थान से था ?
(A) मेवाड़ (B) बुंदेलखंड
(C) गोंडवाना (D) रणथंभौर

Q58. बंगाल में स्थित दाखिल दरवाजा निम्न में से किसने बनवाया था ?
(A) अहमद शाह (B) यूसुफ शाह
(C) बारबक शाह (D) महमूद शाह

Q59. निम्न में से किसे "जगत भूषण" की उपाधि प्रदान की गई थी ?
(A) सैफुद्दीन फिरोज (B) अलुद्दीन फिरोजशाह
(C) नुसरत शाह (D) हुसैन शाह

Q60. कश्मीरी शासक जैनुल आबिदीन से संबंधित निम्न कथनों पर विचार कीजिए -
1. इसे "कश्मीर का अलाउद्दीन" कहा जाता है।
2. इसने गो हत्या प्रतिबंधित कर दिया था।
3. यह"कुतुब" नाम से अरबी में कविताएं लिखता था।
4. इसने मुल्ला अहमद को महाभारत एवं राज तरंगिणी का फारसी में अनुवाद करने के लिए नियुक्त किया था।

**उपर्युक्त में से कौन सा कथन सत्य है -**
(A) केवल 1,2,3 (B) केवल 2,3,4
(C) केवल 1,2,4 (D) केवल 1,3,4

Q61. निम्न में से किस शासक ने इथियोपियाई एवं तुर्की दासियों से युक्त एक अंग सेना गठित की थी ?
(A) हुशंगशाह (B) गयास शाह
(C) दिलावर खां (D) जफर खां

Q62. निम्न में से कौन सुमेलित नहीं है?।
(A) बहादुर शाह प्रथम - शाहे बेखबर
(B) जहांदार शाह - लंपट मूर्ख
(C) मुहम्मद शाह - रंगीला
(D) शाहआलम द्वितीय - घृणित कायर

Q63. आमेर के राजा जयसिंह द्वारा आधुनिक उपकरणों से युक्त वेदशाला निम्न में से किस स्थान पर नहीं बनवाई गई?
(A) अजमेर (B) जयपुर
(C) दिल्ली (D) उज्जैन

Q64. निम्न में से कौन सा कथन टीपू सुल्तान के बारे में सत्य नहीं है?
(A) अपने नाम के सिक्के चलवाए
(B) जर्मनी और मैसूर के मैत्री का प्रतीक स्वतन्त्रता का वृक्ष लगवाया।
(C) नौसेना बोर्ड का गठन किया
(D) इसने सुल्तान की उपाधि धारण की।

Q65. 'नानक शाही' सिक्के किसने चलवाए थे?
(A) बंदाबहादुर (B) जस्सा सिंह
(C) रणजीत सिंह (D) नवाब कपूर सिंह

Q66. किस पुर्तगाली वायसराय ने कोचीन की जगह गोवा को राजधानी बनाया?
(A) अल्फांसो डी अल्बुकर्क
(B) जोवा डी कैस्ट्रो
(C) नीनू डी कुन्हा
(D) फ्रांसिस्को डी अलमेडा

Best Study के लिए हमारी App को Download करें GK Trick By Nitin Gupta

Q67. डचों ने भारत में अपने पहले कारखाने की स्थापना कहाँ की?
**(A)** मुसलीपट्टनम **(B)** पुलिकट
**(C)** सूरत **(D)** कोचीन

Q68. किस मुग़ल शासक ने अंग्रेज दूत कैप्टन हॉकिन्स को 400 का मनसब और जागीर प्रदान की?
**(A)** अकबर **(B)** शाहजहाँ
**(C)** जहाँगीर **(D)** औरंगजेब

Q69. प्रथम कर्नाटक युद्ध की समाप्ति किस संधि से हुई?
**(A)** रिजविक की संधि **(B)** एक्स ला शैपेल
**(C)** मंगलौर की संधि **(D)** श्रीरंगपट्टनम की संधि

Q70. द्वैध शासन का जनक किसे माना जाता है?
**(A)** लार्ड क्लाइव **(B)** हेक्टर मुनरो
**(C)** मैकाले **(D)** लियो कार्टिस

Q71. पहली बार कलकत्ता में सर्वोच्च न्यायालय की स्थापना कब की गई थी?
**(A)** 1772 में **(B)** 1774 में
**(C)** 1872 में **(D)** 1874 में

Q72. किस चार्टर एक्ट के तहत एक विधि आयोग का गठन किया गया?
**(A)** 1793 का चार्टर एक्ट
**(B)** 1813 का चार्टर एक्ट
**(C)** 1833 का चार्टर एक्ट
**(D)** 1853 का चार्टर एक्ट

Q73. पृथक निर्वाचक मंडल के बारे में किसने कहा था कि, "हम नाग के दांत बो रहे हैं और इसका फल भीषण होगा" ?
**(A)** रैम्जे मैकडोनाल्ड **(B)** लार्ड कर्जन
**(C)** लार्ड मांटेग्यू **(D)** लार्ड मिंटो

Q74. किस अधिनियम द्वारा भारत में सर्वप्रथम संघात्मक सरकार की स्थापना की गई?
**(A)** 1909 के अधिनियम **(B)** 1919 के अधिनियम
**(C)** 1935 के अधिनियम **(D)** 1947 का अधिनियम

Q75. निम्न में से संविधान सभा की प्रारूप समिति में कौन शामिल नहीं था?
**(A)** के.एम्. मुंशी
**(B)** शैय्यद मुहम्मद सादुल्ला
**(C)** जे.बी.कृपलानी
**(D)** एन. गोपाल स्वामी आयंगर

Q76. निम्न में कौन का कार्य वायसराय लार्ड विलियम बैंटिक से सम्बंधित नहीं है?
**(A)** सती प्रथा की समाप्ति
**(B)** ठगी प्रथा की समाप्ति
**(C)** नरबलि प्रथा का अंत
**(D)** व्यपगत का सिद्दांत की शुरुआत

Q77. साइमन कमीशन का भारत आगमन किस वायसराय के कार्यकाल में हुआ?
**(A)** लार्ड रीडिंग **(B)** लार्ड इरविन
**(C)** लार्ड विलिंगटन **(D)** लार्ड लिंलिथिगो

Q78. निम्न कथनों पर विचार कीजिये -
**1.** वर्ष 1813 में भारत के व्यापार से ईस्ट इंडिया कंपनी का एकाधिकार समाप्त हो गया
**2.** कच्चे माल के निर्यात के लिए भारत मे कृषि के वाणिज्यीकरण पर बल दिया गया
**3.** कार्ल मार्क्स ने कहा था कि बुनकरों की हड्डियों से भारत की भूमि भरी पड़ी है

**उपर्युक्त में से सही कथन हैं -**
**(A)** 1 और 2 **(B)** 2 और 3
**(C)** 1 और 3 **(D)** 1, 2 और 3

Q79. स्थायी बंदोबस्त व्यवस्था में भूमि का स्वामी किसे बनाया गया-
**(A)** जमींदार **(B)** किसान
**(C)** सम्पूर्ण गाँव **(D)** गवर्नर

Q80. रैयतवाड़ी व्यवस्था का जन्मदाता किसे माना जाता है -
**(A)** टॉमस मुनरो **(B)** कैप्टेन रीड
**(C)** उपर्युक्त दोनों **(D)** दोनों में से कोई नहीं

Q81. तिनकठिया प्रथा के अंतर्गत किसानों को जमीन के कितने भाग पर नील की खेती करना अनिवार्य था -
**(A)** 1/3 **(B)** 2/3
**(C)** 3/20 **(D)** 1/20

Q82. पावर्टी एंड अन ब्रिटिश रूल इन इंडिया नामक पुस्तक के लेखक कौन थे -
**(A)** महात्मा गांधी **(B)** दादा भाई नौरोजी
**(C)** रमेश चंद्र दत्त **(D)** राजेन्द्र प्रसाद

Best Study के लिए हमारी App को Download करें GK Trick By Nitin Gupta

Q83. 1857 की क्रांति के कारणों में निम्नलिखित में से कौन सा शामिल था -

1. डलहौजी की व्यपगत नीति
2. वेलेजली की सहायक संधि
3. ब्लैक होल ट्रेजेडी

**उपर्युक्त के आधार पर सही विकल्प है -**

**(A)** 1 और 2
**(B)** 2 और 3
**(C)** 1 और 3
**(D)** 1, 2 और 3

Q84. 1857 की क्रांति का लखनऊ में नेतृत्व किसने किया था -

**(A)** नाना साहब **(B)** वीर कुंवर सिंह
**(C)** बेगम हजरत महल **(D)** खान बहादुर खान

Q85. 1857 की क्रांति को निम्नलिखित में से किसने 'हिन्दू - मुस्लिम षड्यंत्र' की संज्ञा दी थी -

**(A)** एल. आर. रीज **(B)** ऑउट्रम एवं टेलर
**(C)** पर्सिवल स्पीयर **(D)** टी आर होम्स

Q86. संन्यासी विद्रोह के संबंध में निम्न कथनों पर विचार कीजिये -

1. इसका मुख्य प्रभाव क्षेत्र बंगाल था
2. हिन्दू-मुस्लिम एकता इस विद्रोह की प्रमुख विशेषता थी
3. आनंद मठ नामक पुस्तक इसी विद्रोह से संबंधित है

**उपर्युक्त में से सही कथन हैं -**

**(A)** 1 और 2 **(B)** 2 और 3
**(C)** 1 और 3 **(D)** 1, 2 और 3

Q87. कूका आंदोलन कहाँ हुआ था -

**(A)** बंगाल **(B)** पंजाब
**(C)** मणिपुर **(D)** अवध

Q88. मुंडा विद्रोह के नेता निम्नलिखित में से कौन थे -

**(A)** सिद्धू **(B)** कान्हू
**(C)** बिरसा **(D)** भैरव

Q89. निम्न कथनों पर विचार कीजिये -

1. उदंत मार्तण्ड भारत मे हिंदी का पहला समाचार पत्र था
2. इस पत्र का प्रकाशन जुगल किशोर ने किया था
3. इसका प्रकाशन नागपुर से होता था

**उपर्युक्त में से सही कथन हैं -**

**(A)** 1 और 2
**(B)** 2 और 3
**(C)** 1 और 3
**(D)** 1, 2 और 3

Q90. द वर्नाक्यूलर प्रेस एक्ट निम्न में से किस गवर्नर जनरल के द्वारा लाया गया था -

**(A)** लार्ड रिपन **(B)** लार्ड लिटन
**(C)** चार्ल्स मेटकॉफ **(D)** लार्ड मेयो

Q91. फोर्ट विलियम कॉलेज की स्थापना किस के द्वारा की गयी थी -

**(A)** लार्ड मैकाले **(B)** लार्ड वेलेजली
**(C)** कार्नवालिस **(D)** लार्ड रिपन

Q92. निम्न में से कौन सा प्रावधान चर्चित 'वुड्स डिस्पैच' में शामिल नहीं था -

**(A)** महिला शिक्षा
**(B)** शिक्षा का अंग्रेजी माध्यम
**(C)** अखिल भारतीय स्तर पर शिक्षा की नियामक पद्धति
**(D)** इलाहाबाद, पटना और बनारस में विश्वविद्यालय की स्थापना

Q93. बंगाल विभाजन के विरोध में किस दिन को 'शोक दिवस' के रूप में मनाया गया था?

**(A)** 06 अक्टूबर, 1905 **(B)** 16 अक्टूबर, 1905
**(C)** 07 अगस्त, 1905 **(D)** उपर्युक्त में से कोई नहीं

Q94. कांग्रेस के लिए समर्थन प्राप्त करने के उद्देश्य से जुलाई, 1889 में लन्दन में किसकी अध्यक्षता में 'ब्रिटिश कमेटी ऑफ इंडिया' की स्थापना की गयी थी?

**(A)** जॉर्ज यूले **(B)** विलियम डिग्बी
**(C)** ए. ओ. ह्यूम **(D)** साइमन कॉलिन

Q95. निम्नलिखित में से किसने 1888 ई. में 'संयुक्त भारतीय राजभक्त सभा' का निर्माण किया था?

**(A)** आर. एन. मुधोलकर **(B)** अबुल कलाम आजाद
**(C)** सर सैयद अहमद खां **(D)** डब्ल्यू. सी. बनर्जी

Q96. निम्नलिखित में से कौन एक सही सुमेलित नहीं है?

| **कांग्रेस अधिवेशन** | - | **अध्यक्ष** |
|---|---|---|
| **(A)** कानपुर, 1925 | - | सरोजिनी नायडू |
| **(B)** बेलगाँव, 1924 | - | मोती लाल नेहरु |
| **(C)** कराची, 1931 | - | वल्लभभाई पटेल |
| **(D)** हरिपुरा, 1938 | - | सुभाष चन्द्र बोस |

Q97. निम्नलिखित में से कौन एक नेता गरमपंथी नहीं था?

**(A)** बाल गंगाधर तिलक **(B)** मदन लाल
**(C)** ऊधम सिंह **(D)** गोपाल कृष्ण गोखले

Best Study के लिए हमारी App को Download करें GK Trick By Nitin Gupta

Q98. निम्नलिखित में से किसे 'भारतीय अशांति के जनक' के रूप में जाना जाता है?
**(A)** बाल गंगाधर तिलक **(B)** बिपिन चन्द्र पाल
**(C)** गोपाल कृष्ण गोखले **(D)** दादा भाई नौरोजी

Q99. 1908 के अलीपुर षड्यंत्र मामले में सरकारी गवाह बन गए थे–
**(A)** नरेंद्र गोसाईं **(B)** कन्हाई लाल दत्त
**(C)** सत्येन्द्र बोस **(D)** बारीन्द्र घोष

Q100. राम प्रसाद बिस्मिल, अशफाक़उल्ला, रोशन लाल और राजेन्द्र लाहिड़ी को किस केस में फांसी की सजा सुनाई गयी थी?
**(A)** अलीपुर षड्यंत्र केस **(B)** काकोरी काण्ड
**(C)** चटगाँव शस्त्रागार लूट **(D)** लाहौर षड्यंत्र केस

Q101. पूना की प्लेग कमेटी के अध्यक्ष रैंड और लेफ्टिनेंट आयर्स्ट की हत्या किसने की थी?
**(A)** खुदीराम बोस और प्रफुल्ल चाकी
**(B)** चापेकर बन्धु
**(C)** बाघा जतिन
**(D)** जोगेश चन्द्र चटर्जी

Q102. निम्नलिखित में से कौन मुजफ्फरपुर में किंग्सफोर्ड बम काण्ड में शामिल था?
**(A)** विनायक देश पाण्डे **(B)** खुदीराम बोस
**(C)** बटुकेश्वर दत्त **(D)** कन्हाई लाल दत्त

Q103. निम्नलिखित में से किसने 'निष्क्रिय विरोध' के सिद्धांत का प्रतिपादन किया था?
**(A)** गोपाल कृष्ण गोखले **(B)** बाल गंगाधर तिलक
**(C)** लाला लाजपत राय **(D)** अरबिंद घोष

Q104. केशव बलिराम हेडगेवार ने कब राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ की स्थापना की थी?
**(A)** 21 दिसंबर, 1924 **(B)** 27 सितंबर, 1925
**(C)** 11 जुलाई, 1926 **(D)** 18 नवंबर, 1927

Q105. निम्नलिखित में से कौन हिन्दुस्तान रिपब्लिकन एसोसिएशन का सदस्य नहीं था?
**(A)** भगत सिंह **(B)** चन्द्र शेखर आजाद
**(C)** राम प्रसाद बिस्मिल **(D)** शिव वर्मा

Q106. निम्नलिखित में से कौन सा युग्म सही सुमेलित नहीं है?
**(A)** दिल्ली षड्यंत्र केस - अमीरचन्द्र
**(B)** काकोरी षड्यंत्र केस - अशफाक़उल्ला
**(C)** लाहौर षड्यंत्र केस - जतिन दास
**(D)** नासिक षड्यंत्र केस - रास बिहारी बोस

Q107. भगत सिंह, सुखदेव और राजगुरु को किस केस में फांसी की सजा सुनाई गयी थी?
**(A)** नासिक षड्यंत्र केस **(B)** लाहौर षड्यंत्र केस
**(C)** काकोरी षड्यंत्र केस **(D)** अलीपुर षड्यंत्र केस

Q108. निम्नलिखित में से किसने लन्दन में इंडियन होमरूल सोसाइटी को प्रारंभ किया था?
**(A)** रास बिहारी बोस **(B)** सोहन सिंह भाकना
**(C)** भीकाजी रुस्तम कामा **(D)** श्यामजी कृष्ण वर्मा

Q109. सही उत्तर चुनिए :
**1)** मेरठ षड़यंत्र केस
**2)** हिंदुस्तान सोशलिस्ट रिपब्लिकन एसोसिएशन गठन
**3)** कांग्रेस सोशलिस्ट पार्टी गठन
**4)** कानपुर षड़यंत्र केस
**कोड:**
**(A)** 3-1-2-4
**(B)** 3-2-1-4
**(C)** 4-2-1-3
**(D)** 4-1-2-3

Q110. बंगाल के राष्ट्रवादी मुसलमानों ने कब अहरार आन्दोलन शुरू किया था?
**(A)** 1906 **(B)** 1916
**(C)** 1926 **(D)** 1936

Q111. एका आन्दोलन" के संदर्भ में, निम्नलिखित में से कौन सा कथन सही है / हैं?
**1)** 1921-22 ई० में बंगाल के किसानों ने एका आन्दोलन चलाया।
**2)** एका आन्दोलन के प्रमुख नेता मदारी पासी और सहरेब थे।
**नीचे दिए गए कूट में से सही उत्तर चुनिए :**
**(A)** केवल 1
**(B)** केवल 2
**(C)** 1 और 2 दोनों
**(D)** न तो 1 और न ही 2

Best Study के लिए हमारी App को Download करें GK Trick By Nitin Gupta

Q112. डिफेंस ऑफ इंडिया एक्ट, 1915 के संदर्भ में, निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए:

**1)** इस अधिनियम का मुख्य उद्देश्य प्रथम विश्व युद्ध के दौरान और उसके बाद भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन के राष्ट्रवादी और क्रांतिकारी गतिविधियों को रोकने का था।

**2)** इस अधिनियम ने स्थानीय सरकार को परीक्षणों के लिए तीन आयुक्तों को नियुक्त करने की शक्तियां दीं, जो उच्च न्यायालय के न्यायाधीशों के पद से नीचे हो सकते हैं।

**उपर्युक्त दिए गए कथनों में से कौन सा/से कथन सही है/हैं?**

**(A)** केवल 1 **(B)** केवल 2

**(C)** 1 और 2 दोनो **(D)** न तो 1 और न ही 2

Q113. निम्नलिखित घटनाओं को उनकी घटना के कालानुक्रमिक क्रम में व्यवस्थित करें:

**1)** अलीपुर बम षड्यंत्र

**2)** चटगांव शस्त्रागार छापा

**3)** काकोरी ट्रेन डकैती कांड

**4)** डलहौजी स्क्वायर बम कांड

**5)** दिल्ली - लाहौर षड्यंत्र

**नीचे दिए गए कूट का उपयोग करके सही उत्तर चुनें:**

**(A)** 1-5-3-4-2 **(B)** 5-1-3-2-4

**(C)** 1-5-3-2-4 **(D)** 5-1-3-4-2

Q114. नीचे दिए गए कूट का उपयोग करके निम्नलिखित घटनाओं को उनके कालक्रम में व्यवस्थित करें

**1)** खेड़ा सत्याग्रह

**2)** रौलट सत्याग्रह

**3)** अहमदाबाद मिल मजदूरों की हड़ताल

**4)** चंपारण सत्याग्रह

**(A)** 2 3 1 4

**(B)** 4 3 1 2

**(C)** 4 1 2 3

**(D)** 3 4 2 1

Q115. स्वतंत्रता आन्दोलन के इतिहास में भारतीय राष्ट्रीय काँग्रेस का 1929 का अधिवेशन इसलिए महत्त्वपूर्ण है, क्योंकि इस अधिवेशन में

**(A)** काँग्रेस के उद्देश्य के तौर पर स्व-शासन प्राप्ति की घोषणा की गई

**(B)** काँग्रेस के लक्ष्य के तौर पर पूर्ण स्वराज प्राप्ति को स्वीकृत किया गया

**(C)** असहयोग आन्दोलन का आरम्भ हुआ

**(D)** लन्दन में गोल मेज़ सम्मेलन में भागीदारी करने का निर्णय लिया गया

Q116. इलबर्ट विधेयक विवाद ने किस मुद्दे को बढ़ावा दिया था?

**1)** भारतीय और यूरोपीय लोगों के मध्य नस्लीय भेदभाव

**2)** भारतीय सीमाओं पर विशेषकर उत्तर-पश्चिमी सीमा पर सुरक्षा में चूक

**3)** सरकार द्वारा भारतीय मीडिया घरानों का दमन करना और उनका राष्ट्रीयकरण करना

**ऊपर दिया गया कौन-सा/से कथन सही है/हैं?**

**(A)** केवल 1 **(B)** केवल 1 और 2

**(C)** केवल 2 और 3 **(D)** केवल 1 और 3

Q117. निम्नलिखित में से कौन एक जवाहरलाल नेहरू का जीवनीकार है ?

**(A)** फ्रैन्क मोरेस **(B)** डोम मोरेस

**(C)** लुई फिशर **(D)** वेब मिलर

Q118.

**कथन- 1 :-** खिलाफत आंदोलन को मुहम्मद अली जिन्नाह द्वारा प्रारम्भ किया गया था।

**कथन 2:-** इस आंदोलन ने पुनः हिन्दू मुस्लिम के बीच की दूरी को बढ़ा दिया था।

**कूट-**

**(A)** कथन 1 सही है, कथन 2 गलत है।

**(B)** कथन 1 गलत है, कथन 2 सही है।

**(C)** दोनों कथन सत्य है।

**(D)** दोनों कथन गलत हैं।

Q119. निम्नलिखित कथन में कौन सा कथन असत्य है-

**1-** साइमन कमीशन का गठन 1927 में हुआ था।

**2-** साइमन कमीशन के गठन का उद्देश्य भारत से ब्रिटिश को प्राप्त राजस्व के सम्बंध में एक रिपोर्ट तैयार करवाना था।

**कूट-**

**(A)** केवल 1

**(B)** केवल 2

**(C)** 1और 2

**(D)** दोनो सत्य है।

Q120. निम्नलिखित में कौन सा सुमेलित नहीं है?

| **कांग्रेस अधिवेशन** | - | **अध्यक्ष** |
|---|---|---|
| **(A)** 1905 | - | गोपाल कृष्ण गोखले |
| **(B)** 1906 | - | दादाभाई नरोजी |
| **(C)** 1907 | - | रासबिहारी बोस |
| **(D)** 1910 | - | विलियम वेडरबर्न |

Best Study के लिए हमारी App को Download करें GK Trick By Nitin Gupta

# TEST-01

Q121. 1916 के लखनऊ अधिवेशन में कौन सा/से प्रमुख समझौते संपन्न हुए थे?

**1-**उग्रवादियों को कांग्रेस में शामिल करना

**2-**कांग्रेस और मुस्लिम लीग के बीच समझौता

**विकल्प -**

**(A)** 1

**(B)** 2

**(C)** 1 और 2 दोनों

**(D)** उपर्युक्त में से कोई नहीं

Q122. मुस्लिम लीग की स्थापना किसके नेतृत्व में की गई थी?

**(A)** वकार उल मुल्क मुस्ताक हुसैन

**(B)** नवाब सलीमुल्ला

**(C)** आगा खान

**(D)** सर सैय्यद अहमद खान

Q123. निम्नलिखित कथनों पर विचार करें।

**1)** लंदन में इंडियन होमरूल सोसायटी की स्थापना सन् 1905 में श्याम जी कृष्ण वर्मा ने की थी।

**2)** 2-गदर पार्टी के द्वारा लंदन में ही इंडिया हाउस की भी स्थापना की गई।

**उपर्युक्त में से कौन- सा कथन असत्य है**?

**विकल्प -**

**(A)** 1

**(B)** 2

**(C)** 1 और 2 दोनों

**(D)** उपर्युक्त में से कोई नहीं।

Q124. गदर पार्टी की स्थापना किसके द्वारा की गई थी?

**(A)** लाला हरदयाल **(B)** सोहन सिंह भाकना

**(C)** राजा महेंद्रप्रताप **(D)** अजीत सिंह

Q125. निम्नलिखित में से कौन क्रांतिकारी पेरिस से सैन्य प्रशिक्षण प्राप्त कर भारत आया था?

**(A)** खुदीराम बोस **(B)** रास बिहारी बोस

**(C)** हेमचंद्र कानूनगो **(D)** अरबिंद घोष

Q126. निम्नलिखित घटनाओं का सही काल क्रम है-

**1)** दांडी मार्च

**2)** तृतीय गोलमेज सम्मेलन

**3)** मैकडोनाल्ड अवार्ड

**4)** पूना पैक्ट

**दिए गए कूट की सहायता से सही उत्तर का चयन कीजिये-**

**(A)** 1,3,4,2 **(B)** 1,2,4,3

**(C)** 2,1,3,4 **(D)** 1,3,2 4

Q127. निम्नलिखित में से किसके द्वारा ' आल इंडिया एंटी अनटचेबिलिटी लीग' की गई थी?

**(A)** महात्मा गांधी **(B)** भीम राव अम्बेडकर

**(C)** घनश्याम दास बिड़ला **(D)** तेज बहादुर सप्रू

Q128. 1937 चुनाव में निम्नलिखित में से किस प्रान्त में कांग्रेस की सरकार नही बनी थी?

**1.** संयुक्त प्रान्त

**2.** मद्रास

**3.** पंजाब

**4.** बंगाल

**कूट-**

**(A)** 1 और 2

**(B)** 2 और 3

**(C)** 1 और 3

**(D)** 3 और 4

Q129. 1939 में सुभाष चन्द्र बोस द्वारा कांग्रेस के अध्यक्ष के पद से इस्तीफा देने के बाद किसे भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस का अध्यक्ष चुना गया था?

**(A)** पंडित जवाहरलाल नेहरू **(B)** रास बिहारी बोस

**(C)** डॉ राजेंद्र प्रसाद **(D)** पट्टाभि सीतारमैया

Q130. निम्नलिखित में से कब मुस्लिम लीग द्वारा "द्विराष्ट्र का सिद्धांत " प्रस्ताव पारित किया गया?

**(A)** 1938 **(B)** 1939

**(C)** 1940 **(D)** 1941

Q131. लिनलिथिगो प्रस्ताव/ अगस्त प्रस्ताव के बारे में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये-

**1.** प्रस्ताव स्वीकार किये जाने पर तुरन्त भारत को डोमिनियन स्टेट का दर्जा दिया जाएगा।

**2.** वायसरॉय की कार्यकारिणी में सभी सदस्य भारतीय होंगे।

**कूट-**

**(A)** केवल 1 सत्य है

**(B)** केवल 2 सत्य है

**(C)** 1 और 2 दोनो सत्य है

**(D)** 1 और 2 दोनो असत्य है

Q132. निम्नलिखित में से किसके द्वारा क्रिप्स मिशन के प्रस्तावों को " दिवालिया होने वाला बैंक" कहा था?

**(A)** महात्मा गांधी

**(B)** जवाहरलाल नेहरू

**(C)** पट्टाभि सीतारमैया

**(D)** चक्रवर्ती राज गोपाल चारी

Best Study के लिए हमारी App को Download करें GK Trick By Nitin Gupta

Q133. निम्नलिखित में कौन क्रिप्स मिशन से वार्तालाप के दौरान कांग्रेस के मुख्य प्रवक्ता थे?
**(A)** मौलाना अबुल कलाम आजाद
**(B)** सरदार वल्लभ भाई पटेल
**(C)** जवाहरलाल नेहरू
**(D)** राजेन्द्र प्रसाद

Q134. निम्नलिखित में से किसके द्वारा 1942 में " भारत छोड़ो प्रस्ताव" प्रस्तुत किया गया था?
**(A)** महात्मा गांधी **(B)** राम मनोहर लोहिया
**(C)** अरुणा आसफ अली **(D)** जवाहर लाल नेहरू

Q135. भारत छोड़ो आंदोलन के दौरान गठित समानांतर सरकार के विषय मे निम्नलिखित में से कौन सा सही सुमेलित नही है-
**1.** बलिया - चित्तू पांडेय
**2.** सतारा - वी वाई चौहान
**3.** तामलुक- मातंगिनी हजारा
**कूट-**
**(A)** केवल 1
**(B)** केवल 2
**(C)** केवल 3
**(D)** सभी सुमेलित हैं

Q136. निम्नलिखित का सही कालक्रम है-
**1.** सी आर फार्मूला
**2.** लियाकत अली - देसाई पैक्ट
**3.** वेवेल योजना
**कूट-**
**(A)** 1, 2, 3
**(B)** 1,3 ,2
**(C)** 2,1, 3
**(D)** 2, 3,1

Q137. 1945 में हुए शिमला समझौता / सम्मेलन में निम्नलिखित में से किसने भाग नही लिया था?
**(A)** मुस्लिम लीग के अध्यक्ष
**(B)** सिक्खो के प्रतिनिधि
**(C)** हिन्दू महासभा
**(D)** अनुसूचित जातियों के प्रतिनिधि

Q138. कैबिनेट मिशन के प्रस्ताव के विषय मे निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये-
**1.** पाकिस्तान की मांग को नकार दिया गया था।
**2.** भारत मे संघीय शासन की स्थापना की बात की गई थी
**3.** संविधान सभा के गठन के बात की गई थी।
**उपर्युक्त में से सत्य है-**
**(A)** 1 और 2
**(B)** 2 और 3
**(C)** 1 और 3
**(D)** 1, 2 और 3

Q139. भारत के आजादी के समय निम्नलिखित में से कौन भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस का अध्यक्ष थे?
**(A)** मौलाना अबुल कलाम आजाद
**(B)** आचार्य जे बी कृपलानी
**(C)** जवाहरलाल नेहरू
**(D)** सरदार वल्लभ भाई पटेल

Q140. निम्नलिखित में से कौन सा रेजिमेंट आजाद हिंद फौज के अंतर्गत गठित नही किया था?
**(A)** गांधी रेजीमेंट **(B)** नेहरू रेजिमेंट
**(C)** पटेल रेजिमेंट **(D)** आजाद रेजीमेंट

Best Study के लिए हमारी App को Download करें GK Trick By Nitin Gupta

# व्याख्यात्मक हल

**1. Ans: B**

**Solution:** हड़प्पा सभ्यता से पूर्व तांबे और पत्थर के उपकरणों के साथ - साथ प्रयोग की विशेषता वाली प्राचीन संस्कृति को ताम्र पाषाणिक संस्कृति कहा गया। भारत में ताम्र पाषाण युग की बस्तियां दक्षिणी- पूर्वी राजस्थान, पश्चिमी- मध्य प्रदेश, पश्चिमी महाराष्ट्र तथा दक्षिणी- पूर्वी भारत में पाई जाती हैं।

उपर्युक्त विकल्पों में नवदाटोली पश्चिमी मध्य प्रदेश का एक प्रमुख ताम्र पाषाणिक पुरास्थल है। शेष सभी विकल्प उत्तर प्रदेश से जुड़े ताम्र पाषाणकालीन स्थल हैं।

**2. Ans: A**

**Solution:** भारत में सर्वप्रथम कृषि का प्रारंभ नवपाषाण काल में हुआ तथा भारतीय उपमहाद्वीप में प्राचीनतम कृषि (गेंहू) साक्ष्य वाला स्थल उत्तर प्रदेश के संत कबीर नगर जनपद में स्थित लहुरादेव है।

**3. Ans: D**

**Solution:** उपर्युक्त सभी विकल्प सिंधु घाटी सभ्यता से जुड़े हुए हैं।

सही सुमेलन -

**स्थल - उत्खननकर्ता**

1 - हड़प्पा - दयाराम साहनी

2 - चन्हुदड़ो - मैके

3 - रोपण - यज्ञदत्त शर्मा

4 - लोथल - एस आर राव

5 -मोहनजोदड़ो - राखलदास बनर्जी

6 - धौलावीरा - आर एस बिष्ट

**4. Ans: C**

**Solution:** उपर्युक्त विकल्पों में सिर्फ मांडा (जम्मू - कश्मीर) प्राक हड़प्पा, हड़प्पा कालीन एवं हड़प्पोत्तर तीनों कालों का प्रतिनिधित्व करता है। मांडा के अतिरिक्त सुरकोटदा, धोलावीरा तथा राखीगढ़ी सैंधव स्थल हैं जो उपर्युक्त तीनों कालों का प्रतिनिधित्व करते हैं।

**5. Ans: C**

**Solution:** उपर्युक्त विकल्पों में सिर्फ विकल्प ' C' सही सुमेलित है। अन्य विकल्पों के सही सुमेलन निम्नवत् हैं -

1 - दैमाबाद - प्रवरा

2 - आलमगीरपुर - हिंडन

3 - मांडा - चेनाब

**6. Ans: B**

**Solution:** हड़प्पा सभ्यता का विस्तार भारत, पाकिस्तान और अफगानिस्तान देशों तक था। प्रमुख हड़प्पा स्थल शॉरतुलई ' वर्तमान में अफगानिस्तान में स्थित है।

**7. Ans: C**

**Solution:** हड़प्पा सभ्यता के विभिन्न स्थानों से लगभग 4 हजार से ज्यादा मुहरें प्राप्त हुई हैं जो आमतौर पर चौकोर शक्ल में सेलखड़ी से निर्मित हैं। इन मुहरों पर अनेक पशुओं के चित्र हैं परंतु किसी भी मुहर पर घोड़े का चित्र मौजूद नहीं है।

**8. Ans: C**

**Solution:** विकल्प c गलत है। हड़प्पा सभ्यता में भिन्न-भिन्न क्षेत्रों में अलग-अलग धार्मिक रीति रिवाज प्रचलित थे जैसे - अंतिम संस्कार की विभिन्न प्रकृतियों का पाया जाना।

हड़प्पा सभ्यता के संबंध में अन्य सभी कथन सत्य हैं।

**9. Ans: D**

**Solution:** सिंधु सभ्यता के पतन के संबंध में उपर्युक्त सभी मत प्रचलित हैं इसके अतिरिक्त जलवायु परिवर्तन, भूतात्विक परिवर्तन, विदेशी व्यापार में कमी आदि को भी सिंधु सभ्यता के पतन का एक कारण माना जाता है।

**10. Ans: C**

**Solution:** प्राचीन आर्यों के निवास स्थल 'सप्त सिंधु' के क्षेत्र(दक्षिण एशिया के उत्तर- पश्चिमी क्षेत्र से लेकर यमुना नदी तक) विस्तार में निम्नलिखित 7 नदियां शामिल थीं -

1 - सिंधु

2 - वितस्ता (झेलम)

3 - अस्किनी (चेनाब)

4 - परुष्णी (रावी)

5 - विपाशा (व्यास)

6 - शुतुद्री (सतलज)

7 - सरस्वती

प्राचीन नदी ' गोमल' को वर्तमान में गोमती नदी से पहचाना जाता है।

**11. Ans: A**

**Solution:**

**वेद - ब्राह्मण ग्रन्थ**

1. ऋग्वेद - ऐतरेय, कौषितिकी
2. सामवेद - जैमनीय, ताड्य
3. यजुर्वेद - शतपथ, तैतिरीय
4. अथर्ववेद – गोपथ

Best Study के लिए हमारी App को Download करें GK Trick By Nitin Gupta

**12. Ans: B**
**Solution:** उत्तर वैदिक काल में कृषि वैदिक लोगों का प्रमुख व्यवसाय बन गई, कृषि हेतु बैलों, भैंसे को घरों में पाला जाने लगा तथा इंद्र जो वर्षा के देवता थे को 'कृषि का देवता' उपनाम भी प्रदान किया गया।

**13. Ans: C**
**Solution:** विकल्प c सही सुमेलित है। शेष गलत सुमेलित हैं।
**जैन तीर्थंकर - प्रतीक चिन्ह**
1 - नेमिनाथ - शंख
2 - अजितनाथ - हाथी
3 - मल्लिनाथ - कलश
4 - ऋषभदेव - बैल
5 - महावीर स्वामी - सिंह

**14. Ans: D**
**Solution:** बौद्ध दर्शन के संबंध में उपर्युक्त दोनों कथन सत्य नहीं हैं। बौद्ध दर्शन आत्मा की सत्ता को अस्वीकार करने के बावजूद पुनर्जन्म तथा कर्म के सिद्धांत को मानता है।

**15. Ans: D**
**Solution:** उपर्युक्त महाजनपदों में विकल्प d सुमेलित नहीं है अन्य सभी सुमेलित हैं। अंग राज्य की राजधानी चंपा थी जबकि राजगृह मगध की राजधानी थी।

**16. Ans: B**
**Solution:** हर्यक वंश के शासक उदयन ने पाटिलपुत्र की स्थापना कर सर्वप्रथम मगध साम्राज्य की राजधानी को राजगृह से पाटिलपुत्र स्थानातरित किया था।

**17. Ans: A**
**Solution:** मौर्यकाल में वर्णाश्रम धर्म के अनुसार शिक्षा दिए जाने का उल्लेख मिलता है। इस काल में धर्म, व्याकरण, अर्थ तथा व्रत (राजनीति) शिक्षा के अनिवार्य विषय माने जाते थे। मौर्यकाल में वाराणसी, तक्षशिला तथा उज्जैन शिक्षा के प्रमुख केंद्र माने जाते थे।

**18. Ans: B**
**Solution:** आंध्र-सातवाहन वंशीय शातकर्णी प्रथम की रानी नागनिका के नानाघाट अभिलेख से पता चलता है कि इसने पहली शताब्दी ई.पू. में ब्राह्मणों एवं बौद्धों को भूमि अनुदान में दी थी।

**19. Ans: D**
**Solution:** गुप्तकाल में पश्चिमी तट के बंन्दरगाहों में भड़ौच, चौल कल्याण, कैम्बे प्रमुख थे। भृगुकच्छ अथवा भड़ौच पश्चिमी भारत का सबसे प्रमुख बंन्दरगाह था। यहां से पश्चिमी देशों के साथ समुद्री व्यापार होता था।

**20. Ans: A**
**Solution:** हूण मध्य एशिया की एक बर्बर जाति थी। इनका प्रथम आक्रमण स्कंदगुप्त के समय में हुआ। जिसका नेतृत्व खुशनवाज ने किया था, जबकि हूणों का दुबारा आक्रमण तोरमाण के नेतृत्व में हुआ उसने चन्द्रभागा नदी के तट पर पवैय्या नामक स्थान पर अपना शासन स्थापित किया।

**21. Ans: D**
**Solution:** प्रयाग- प्रशस्ति से पता चलता है कि समुद्रगुप्त ने दक्षिण भारत के राज्यों को जीतने के बाद उनके राज्य वापस कर दिये थे। इसलिये इस विजय को 'धर्म विजय' कहा गया है।

**22. Ans: B**
**Solution:** अंतिम नंद राजा घनानंद था जो सिकंदर का समकालीन था। जो एकराट की उपाधि धारण करने वाला संभवत: पहला शासक था। यूनानी लोग घनानंद को अग्रमिज एवं जैन्द्रमीज कहते थे।

**23. Ans: B**
**Solution:** अर्थशास्त्र में राज्य के गुप्तचर को 'गूढ़ पुरुष' कहा गया है। इसमें गुप्तचर विभाग का नाम महामात्यपसर्प मिलता है। इण्डिका की रचना मेगास्थनीज ने किया है जिसमें पाटलिपुत्र के प्रशासन का उल्लेख है। गार्गी संहिता ज्योतिष की पुस्तक है जिसमें यवनों के आक्रमण का उल्लेख है। दिव्यावदान एक बौद्ध ग्रंथ है।

**24. Ans: B**
**Solution:** कुषाणों ने ही सर्वप्रथम शुद्ध सोने के सिक्के चलाये जो 124 ग्रेन के थे। हुविष्क के सिक्कों पर भारतीय देवी-देवता पहले के कुषाण शासकों से अधिक मिलते हैं। इनमें बुद्ध, शिव कार्तिकेय, विष्णु, संकर्षण, उमा आदि शामिल हैं।

**25. Ans: C**
**Solution:** वत्सभट्टि, कुमारगुप्त प्रथम का दरबारी कवि था। इसने 472 ई. में मन्दसौर प्रशस्ति की रचना की। वीरसेन शाव चंन्द्रगुप्त द्वितीय का युद्ध सचिव था। इसकी रचना उदयगीरि गुहालेख है। हरिषण ने प्रयाग-प्रशस्ति की रचना की है। जबकि कालिदास ने मालविकाग्नि-मित्रम, विक्रमोर्वशीयक, रघुवंशम, मेघदूत इत्यादि की रचना की है।

**26. Ans: D**
**Solution:** विकल्प a, b तथा c सही सुमेलित हैं। जबकि d सुमेलित नहीं है। मयूर शतक अथवा सूर्यशतक की रचना मयूर ने किया है जो हर्ष के दरबार का एक विद्वान था। इसके अलावा इसके दरबार में हरिदत्त एवं जयसेन जैसे विद्वान भी थे।

Best Study के लिए हमारी App को Download करें GK Trick By Nitin Gupta

**27. Ans: B**

**Solution:** अशोक ने अपने राज्याभिषेक के 12वें और 19वें वर्ष सुदामा, विश्वझोंपड़ी तथा कर्ण चौपार गुफा का निर्माण बराबर की पहाड़ी में करवाया था। जबकि अशोक पौत्र दशरथ ने नागार्जुनी पहाड़ियों में लोमर्षि गुफा का निर्माण करवाया था। उपर्युक्त गुफाएं आजीवक सम्प्रदाएं को दान में दी गई थीं।

**28. Ans: A**

**Solution:** बलि- एक प्रकार का धार्मिक कर

रज्जू- भूमि की माप के समय लिया जाने वाला कर

विवीत- चारागाह कर

हिरण्य- यह एक नगद कर था, जो अनाज के रूप में न लेकर नगद लिया जाता था।

**29. Ans: B**

**Solution:** शकों तथा पार्थियन ने संयुक्त शासन का चलन प्रारंभ किया। शकों तथा कुषाणों ने पार्थियनों के माध्यम से क्षत्रपी- प्रणाली चलाई। जबकि कुषाणों ने प्रान्तों में द्वैध शासन प्रणाली का प्रचलन किया।

**30. Ans: B**

**Solution:** सोने सिक्के - निष्क, स्वर्ण, पल

चांदी के सिक्के – शतमान

तांबे के सिक्के – काकिनी

कर्षापण – सोना, चांदी, तांबा, रांगा, सीसा आदि धातुओं का होता था।

**31. Ans: C**

**Solution:** कुमारगुप्त की उपाधि महेंन्द्रादित्य है। कुमारगुप्त ने ही नालन्दा विश्वविद्यालय की स्थापना करवाई। जो बौद्ध शिक्षा का एक प्रमुख केंद्र था। वर्तमान में यह बिहार के राजगीर के समीप स्थित है जिसे 2010 में पुन: स्थापित किया गया।

**32. Ans: D**

**Solution:** शोर मंदिर महाबलीपुरम में स्थित है। इसका निर्माण पल्लव शासकों द्वारा किया गया। यह राज सिंह शैली का प्रथम उदाहरण है। कैलाश नाथ मंदिर कांची में स्थित है यह मंदिर राज सिंह शैली के चरमोत्कर्ष का प्रतिनिधित्व करती है। यह पल्लवों के सबसे अलंकृत मंदिरों में से एक है। उड़ीसा में लिंगराज मंदिर का निर्माण सोमवंशी राजाओं द्वारा किया गया था। लिंगराज मंदिर पूर्ण विकसित नागर शैली का सबसे अच्छा उदाहरण है। प्रारंभ में लिंगराज मंदिर का नाम कृतिबास मंदिर था।

**33. Ans: B**

**Solution:** चालुक्य शासक पुलकेशिन द्वितीय को पराजित कर उसकी राजधानी वतापी पर अधिकार करने के पश्चात नरसिंह वर्मन प्रथम ने वातापीकोंड की उपाधि धारण की थी। महेंद्र वर्मन प्रथम ने शत्रुमल्ल, परमेश्वर प्रथम ने एकमल्ल तथा नरसिंह वर्मन द्वितीय ने अमित्रमल्ल की उपाधि धारण की थी।

**34. Ans: A**

**Solution:** कांची के पल्लव वंश का संस्थापक सिंह वर्मा था। जबकि उनका वास्तविक संस्थापक सिंहविष्णु था। अंतिम महत्वपूर्ण पल्लव शासक अपराजित बर्मन था। जबकि अंतिम शासक कंपवर्मा था। पल्लव शासकों की राजधानी कांची थी। जबकि कावेरी नदी को पल्लवों की प्रिया कहा जाता है।

**35. Ans: B**

**Solution:** एलोरा में बौद्ध धर्म ब्राह्मण धर्म एवं जैन धर्म से संबंधित गुफाएं मिलती हैं। इन गुफाओं का निर्माण पांचवी शताब्दी से लेकर बारहवीं शताब्दी ईस्वी तक हुआ है। एलोरा गुफा में कुल 34 गुफाएं हैं। जिसमें गुफा संख्या 1 से 12 तक बौद्धि 13 से 29 तक हिंदुओं और 30 से 34 तक गुफाएं जैन से संबंधित हैं।

**36. Ans: B**

**Solution:** भवभूति, कन्नौज नरेश यशोवर्मन के दरबार में रहते थे। यहीं पर भवभूति ने संस्कृत के 3 नाटक महावीर चरित, मालती माधव एवं उत्तररामचरित लिखा। राजतरंगिणी में वर्णित है कि ललितादित्य ने यशोवर्मन को हराया और उसके दरबार में रहने वाले वाक्कपति एवं भवभूति को कश्मीर लेता आया।

**37. Ans: D**

**Solution:** मोहम्मद गोरी के सिंधु नदी के तट पर दम्यक नामक स्थान पर नमाज पढ़ते समय 1206 ईस्वी में हत्या कर दी गई। चंद्रवरदाई इसका श्रेय पृथ्वीराज तृतीय को देते हैं जोकि तर्कसंगत नहीं है। आधुनिक इतिहासकार खोखरों को इसका श्रेय देते हैं। गोरी के शव को गजनी में दफनाया गया। मोहम्मद गोरी ने गोमल दर्रे से भारत पर आक्रमण किया उसका पहला आक्रमण 1175 ईस्वी में मुल्तान के करमाथी जाती के शियाओं पर हुआ।

**38. Ans: A**

**Solution:** 1210 ईस्वी में ऐबक की लाहौर में चौगान खेलते समय मृत्यु हो गई। उसे लाहौर में दफनाया गया। कुतुबुद्दीन ऐबक गुलाम वंश का संस्थापक था। वह ऐबक जनजाति का तुर्क था। ऐबक को पीलबख्श (हाथियों का दान देने वाला), लाख बख्श (लाखों का दान करने वाला), कुरान ख्वाँ, हातिम द्वितीय भी कहा जाता था।

Best Study के लिए हमारी App को Download करें GK Trick By Nitin Gupta

**39. Ans: A**

**Solution:** बलबन का जन्म तुर्कों की इलबरी शाखा में हुआ था। उसका मूल नाम बहाउद्दीन था। जब वह सुल्तान बना तो उसने गियाउद्दीन की उपाधि धारण की। उसकी एक अन्य उपाधि उलूग खां थी। बलबन को द्वितीय इलबरी वंश का संस्थापक कहा जाता है।

**40. Ans: A**

**Solution:** अलाउद्दीन, महावत खान, शाहजहां एवं औरंगजेब ने अपने सामरिक एवं राजनीतिक जीवन की शुरुआत दक्कन से ही किया था। दक्षिण भारत पर पहला तुर्की आक्रमण जलालुद्दीन खिलजी के काल में हुआ था। वहीं दक्षिण जाने वाला पहला सुल्तान अलाउद्दीन खिलजी था। अलाउद्दीन खिलजी के दक्षिण अभियान का मुख्य उद्देश्य धन प्राप्ति था। अलाउद्दीन खिलजी के समय में दक्षिण भारत की विजय का प्रमुख श्रेय मलिक काफूर को जाता है।

**41. Ans: B**

**Solution:** खुसरो मलिक नसीरुद्दीन खुसरो शाह के नाम से सुल्तान बना। इसने पैगंबर का सेनापति की उपाधि धारण किया। मुबारक खिलजी ने उसे खुशरोखां की उपाधि दी तथा अपने राज्य का प्रधानमंत्री बनाया था।

**42. Ans: A**

**Solution:** पैमाइश के आधार पर भू राजस्व का बंदोबस्त मसाहत कहलाता था। इसमें प्रति इकाई विश्वा को आधार बनाया जाता था। अलाउद्दीन खिलजी दिल्ली सल्तनत का पहला सुल्तान था जिसने मसाहत को अपनाया था।

**43. Ans: C**

**Solution:** आशिका देवल देवी एवं खिज्र खान के प्रेम संबंधों पर आधारित पुस्तक है। उन्होंने 1315 ईसवी में इस पुस्तक का लेखक खिज्र खां के आदेश पर किया था। इसी में अमीर खुसरो कहते हैं कि यदि मैं भारत की प्रशंसा करता हूं तो मुझे पक्षपाती ना समझा जाए इस पुस्तक में अमीर खुसरो मंगोलों द्वारा स्वयं के बंदी बना लिए जाने की भी सूचना देते हैं।

**44. Ans: B**

**Solution:** राष्ट्रकूट साम्राज्य का संस्थापक दंती दुर्ग था। संजन अभिलेख से पता चलता है कि दंती दुर्ग ने उज्जैन पर अधिकार कर हिरण्यगर्भदान यज्ञ किया था। यज्ञ में प्रतिहारों ने द्वारपाल की भूमिका निभाई थी। उसने तुला पुरुषदान यज्ञ भी संपन्न किया था।

**45. Ans: C**

**Solution:** नगरम चोल काल में व्यापारिक नगरों तक सीमित थी। नगरों में व्यापारियों के संगठन को वलंजियर भी कहा जाता था। नगरों में व्यापारियों के निगम को नगरटार तथा उनके अधीन रहने वाली भूमि को नगरक्कनी कहा जाता था।

**46. Ans: A**

**Solution:** चंदेल राज्य बुंदेलखंड में स्थित था। बुंदेलखंड का प्राचीन नाम जेजाकभुक्ति है महोबा लेख के अनुसार इस वंश के तीसरे राजा जय शक्ति अर्थात जेजा ने अपने शासित क्षेत्र को वैसे ही अपना नाम जेजाकभुक्ति दिया जैसे राजा पृथु ने पृथ्वी नाम दिया था। चंदेलों की प्रारंभिक राजधानी कालिंजर थी। राजा धंग ने खजुराहो को चंदेलों की राजधानी बनाया था। तब से खजुराहो ही चंदेलों की राजधानी थी।

**47. Ans: A**

**Solution:** मुगल काल के सम्राटों में अकबर का सामाजिक सुधारों को लेकर  एक अलग स्थान है। उसने सभी धर्मों के साथ समान व्यवहार करने का प्रयास किया। अकबर का अंतिम संस्कार मुस्लिम रीति रिवाज के अनुसार हुआ, अकबर को ही उसकी मृत्यु के पश्चात "अर्श आशियानी" (स्वर्ग में रहने वाला) कहा गया।

**48. Ans: B**

**Solution:** सामूगढ़ का युद्ध 29 मई ,1658 ई•को दारा शिकोह एवं औरंगजेब की सेना के मध्य हुआ।इस युद्ध में दारा शिकोह पराजित हुआ।युद्ध के बाद औरंगजेब ने आगरा में अपना राज्याभिषेक किया।

**49. Ans: C**

**Solution:** 11 जून 1665 ईस्वी को शिवाजी और जयसिंह के बीच पुरंदर की संधि हुई ।संधि के कारण शिवाजी की छवि को बहुत नुकसान हुआ। इसी संधि के फलस्वरुप शिवाजी ने अपने  पुत्र शंभाजी को 5000 घुड़सवारों के साथ मुगल सेना में भेजने की सहमति दी थी।

**50. Ans: C**

**Solution:** बाबर का वजीर निजामुद्दीन एक योग्य प्रशासक एवं वीर योद्धा था।वह लगभग सभी युद्धों में सक्रिय रूप से भाग लिया था। निजामुद्दीन ही चाहता था, कि बाबर के अंतिम समय में हुमायूँ  के स्थान मेहदी ख्वाजा को उत्तराधिकारी बनाया जाय।

**51. Ans: B**

**Solution:** हुमायूँ के मकबरे का निर्माण हुमायूँ की पत्नी हमीदा बानो बेगम द्वारा कराया गया था। यह मकबरा ईरानी शैली पर आधारित स्थापत्य कला का अनुपम उदाहरण है ।यह मुगल काल का पहला मकबरा था,जिसमें दोहरी गुम्बद का प्रयोग किया गया था। हुमायूँ के मकबरे को ही "ताजमहल का पूर्वगामी" कहा जाता है

Best Study के लिए हमारी App को Download करें GK Trick By Nitin Gupta

**52. Ans: A**
**Solution:** वैष्णव धर्म के कृष्णमार्गी शाखा के महान् संत वल्लभाचार्य का जन्म वाराणसी में हुआ था।इनका दर्शन शुद्ध-अद्वैतवाद के नाम से जाना जाता है। ये रुद्र संप्रदाय से संबंधित थे।इनके पत्नी का नाम लक्ष्मी था।

**53. Ans: B**
**Solution:** शेख बहाउद्दीन जकारिया ने भारत में सर्वप्रथम सुहरावर्दी शाखा का प्रचार किया । इनका जन्म मुल्तान में हुआ था और इन्होंने मुल्तान को ही अपने शिक्षा का केंद्र बनाया। इल्तुतमिश ने बहाउद्दीन जकारिया को "शेख उल इस्लाम" का पद प्रदान किया था।

**54. Ans: D**
**Solution:** वेंकट द्वितीय अरविडु वंश का महान शासक था।इसने चंद्रगिरी को अपना मुख्यालय बनाया। ताताचार्य प्रसिद्ध दार्शनिक एवं मातला अनंत नामक कवि वेंकट द्वितीय के दरबार में निवास करते थे।

**55. Ans: C**
**Solution:** हरिहर द्वितीय बुक्का प्रथम की मृत्यु के बाद संगम वंश की गद्दी पर बैठा। इसने राजाधिराज, राजपरमेश्वर, महाराजाधिराज, राजव्यास जैसी उपाधियाँ धारण की थीं।हरिहर द्वितीय विरुपाक्ष का उपासक था।

**56. Ans: B**
**Solution:** मसूलीपट्टम कुतुबशाही साम्राज्य का विश्व प्रसिद्ध बंदरगाह था।

**57. Ans: A**
**Solution:** अकबर के समय मेवाड़ में सिसोदिया वंश का शासन था।अकबर ने जब मेवाड़ पर आक्रमण किया तो उस समय राणा उदय सिंह के दो सरदार जयमल एवं फत्ता पर ही दुर्ग की सुरक्षा की जिम्मेदारी थी। दोनों ही अपने समय के वीर योद्धा थे।

**58. Ans: C**
**Solution:** बंगाल के इलियासशाही शासको में रुकनुद्दीन बारबक शाह एक सज्जन एवं कानून मानने वाला शासक था।वह बंगाली साहित्य का महान संरक्षक था।इसी ने दाखिल दरवाजा का निर्माण करवाया था। पर्सी ब्राउन ने दाखिल दरवाजा को हिंदू- मुस्लिम स्थापत्य कला की सर्वोत्कृष्ट रचना कहा।

**59. Ans: D**
**Solution:** हुसैन शाह एक विद्वान शासक था।वह हिन्दू एवं मुस्लिम जनता के साथ समान व्यवहार करता था।हिंदुओं ने उसे कृष्ण का अवतार,नृपति तिलक,जगत भूषण उपाधि प्रदान की थी।यह वैष्णव संत चैतन्य महाप्रभु का समकालीन था।

**60. Ans: C**
**Solution:** जैनुल आबिदीन एक महान शासक था।इसने सती प्रथा को फिर से शुरू करने की अनुमति थी दी।यह कुतुब नाम से फारसी में कविताएं लिखा करता था। जैनुल आबिदीन ने कई हिंदू एवं जैनियों को उच्च पदों पर नियुक्त किया था।इसे "कश्मीर का अकबर" भी कहा जाता है।

**61. Ans: B**
**Solution:** मालवा में खिलजी वंश की स्थापना गयास शाह के पिता महमूद खिलजी ने की थी,लेकिन गयास शाह अपने पिता की तरह साम्राज्य विस्तारवादी सोच का न होकर धर्म परायण था।इसके चरित्र में बहुत अंतर्विरोध था।इसके महल में 10000से ज्यादा दासियां थीं।इसी ने इथियोपियाई एवं तुर्की दासियों से युक्त एक अंगरक्षक सेना गठित की थी।इसने जैनों को भी शासन में जगह दी थी।

**62. Ans: D**
**Solution:** 1707 में मुअज्जम बहादुर शाह प्रथम की उपाधि के साथ दिल्ली के सिंहासन पर बैठा, इसको 'शाहे बेखबर' भी कहते थे।जहांदार शाह को 'लम्पट मूर्ख' कहते थे,जहांदार शाह ने तत्कालीन शक्तिशाली अमीर जुल्फिकार खान की सहायता से सिंहासन प्राप्त किया था, इसके ऊपर उसकी प्रेमिका लाल कुंवर का काफी प्रभाव था, इसके समय मराठों को दक्कन में चौथ और सरदेशमुखी वसूल करने का अधिकार इस शर्त पर मिला कि इसकी वसूली मुगल अधिकारी करेगा। फर्रूखसियर को 'घृणित कायर' कहते थे, इसे मुगल सिंहासन सैयद बंधुओं अब्दुल्ला खाँ और हुसैन अली खां बराहा के सहयोग से मिला। 1719 में रोशन अख्तर, मोहम्मद शाह की उपाधि के साथ सैयद बंधुओं के सहयोग से मुगल सिंहासन पर बैठा। इसका अधिक समय हरम और हिजड़ों के मध्य बीतता था इस कारण इसे 'रंगीला' कहा जाने लगा। मोहम्मद शाह के समय 1739 में फारस के नादिरशाह का आक्रमण हुआ तथा 1748 में अहमद शाह अब्दाली ने भारत पर आक्रमण किया।

**63. Ans: A**
**Solution:** आमेर के राजा जयसिंह को मिर्जा राजा सवाई की उपाधि मुगल बादशाह जहांदारशाह ने दी थी। यह कुशल शासक होने के साथ-साथ महान विधिवेत्ता, खगोल शास्त्री, नगर नियोजक, नगर संस्थापक एवं वैज्ञानिक था। जय सिंह ने मथुरा, उज्जैन, जयपुर और

Best Study के लिए हमारी App को Download करें GK Trick By Nitin Gupta

दिल्ली में आधुनिक उपकरणों से युक्त वेधशालाओं का निर्माण कराया । इसके शासनकाल में दो अश्वमेध यज्ञ भी हुए। इसने जिंजमुहम्मदशाही नाम से सारणियों का एक ऐसा सेट तैयार करवाया जिससे खगोल शास्त्र संबंधी परीक्षण में मदद मिलती थी।

**64. Ans: B**

**Solution:** टीपू सुल्तान 1782 में हैदर अली की मृत्यु के बाद मैसूर के सिंहासन पर बैठा। इसने सुल्तान की उपाधि धारण की तथा अपने नाम के सिक्के जारी करें इसके सिक्कों पर हिंदू देवी-देवताओं के चित्र तथा हिंदू संवत की आकृतियां अंकित थीं। इसने फ्रांसीसी क्रांति से प्रभावित होकर श्रीरंगपट्टनम में जैकोबिन क्लब की स्थापना की और उसका सदस्य बना तथा अपनी राजधानी में फ्रांस और मैसूर के मैत्री का प्रतीक 'स्वतंत्रता का वृक्ष' भी लगाया। 1796 में अंग्रेजी नौसेना के मुकाबले  के लिए एक नौसेना बोर्ड का गठन किया तथा मंगलौर, मोलिदाबाद, दाजीदाबाद आदि में डॉक यार्ड का निर्माण कराया। साम्राज्यवादी लेखकों ने  टीपू को 'सीधा साधा दैत्य' कहा है।

**65. Ans: C**

**Solution:** 1792 में कावुल के शासक जमान शाह ने रणजीत सिंह को उनकी महत्वपूर्ण सैन्य सेवाओं के लिए 'राजा'की उपाधि दी और लाहौर की सूवेदारी भी प्रदान की। रणजीत सिंह एक कुशल प्रशासक थे इनकी स्थाई सेना 'फौज ए आइन' के नाम से जानी जाती थी, जो उस समय एशिया में दूसरे स्थान पर थी। रणजीत सिंह ने लाहौर में तोपखाने का निर्माण कराया तथा विभिन्न मिसलो को संगठित करने के लिए राज्य को 'सरकार ए खालसा' नाम दिया और नानक शाही सिक्के चलवाए। रणजीत सिंह भारत के प्रथम शासक थे जिन्होंने सहायक संधि को अस्वीकार कर अंग्रेजों के समक्ष समर्पण नहीं किया था।रणजीत सिंह ने लाहौर को अपनी राजधानी बनाया था। 1809 में चार्ल्स मेटकाफ से 'अमृतसर की संधि' भी की थी।

**66. Ans: C**

**Solution:** 1529 में नीनू डी कुन्हा पुर्तगाली वायसराय बनकर भारत आया, इसमें 1530 में कोचिंग की जगह गोवा को राजधानी बनाया, तथा मद्रास के सैंथोमा, बंगाल के हुगली और काठियावाड़ के दीव, में पुर्तगाली बस्तियों की स्थापना की। अल्फांसो डी अल्बुकर्क को भारत में ' पुर्तगाली साम्राज्य का वास्तविक संस्थापक' माना जाता है, अल्बुकर्क ने अपनी सेना में भारतियों की भी भर्ती की, तथा भारत में पुर्तगाली बस्तियों की संख्या में वृध्दि एवम् उनकी स्थाई बस्तियों के लिए  निम्नवर्गीय पुर्तगालियों को भारतीय महिलाओं के साथ विवाह करने को प्रोत्साहित किया।भारत में फान्सिस्को डी अल्मेडा प्रथम पुर्तगाली वायसराय बनकर आया।

**67. Ans: A**

**Solution:** डच ईस्ट इण्डिया कंपनी की स्थापना 1602 ईस्वी में संसद द्वारा पारित प्रस्ताव से हुई थी इसे 21 वर्षों के लिए भारत और पूर्वी देशों के साथ व्यापार करने, आक्रमण और विजय करने के संबंध में अधिकार दिए गए थे। डचों ने भारत में  1605 में मुसलीपट्टनम में प्रथम कारखाने की स्थापना की।  इसके अन्य कारखाने 1610 में पुलिकट ,1616 में सूरत ,1645 में कारिकाल, 1663 में कोचीन आदि में खोले गए। डचों द्वारा भारत से नील, शोरा और सूती वस्त्र का निर्यात किया जाता था।

**68. Ans: C**

**Solution:** कैप्टन हॉकिन्स इंग्लैंड के राजा जेम्स प्रथम के दूत के रूप में 1608 में भारत आया और मुगल सम्राट जहाँगीर से आगरा मिलने गया। जहाँगीर ने उसे अगरा में बसने और 400 का मनसब और जागीर प्रदान की।

**69. Ans: B**

**Solution:** प्रथम कर्नाटक युद्ध की समाप्ति 1748 में एक्स ला शैपेल की संधि से हुई।इस समय यूरोप में अंग्रेजो और फ्रांसीसियों के बीच आस्ट्रिया में उत्तराधिकार के लिए लड़ा जा रहा था जो इस संधि से समाप्त हो गया। भारत में प्रथम कर्नाटक युद्ध का तात्कालिक कारण अंग्रेज कैप्टन बर्नट ने कुछ फ्रांसिसी जहाजों पर अधिकार कर लेना था। इस संधि से मद्रास पुनः अंग्रेजो को मिल गया था ।

**70. Ans: D**

**Solution:** द्वैध शासन का जनक लियो कार्टिस को माना जाता है। द्वैध शासन की शुरुआत बंगाल में 1765 से मानी जाती है, इसके अंतर्गत कंपनी दीवानी और निजामत के कार्यों का निष्पादन भारतीयों के माध्यम से करती थी लेकिन वास्तविक शक्ति कंपनी के पास थी। कंपनी और नवाब दोनों द्वारा प्रशासन की व्यवस्था को ही बंगाल में द्वैध शासन कहा जाता है। जिसकी विशेषता उत्तरदायित्व रहित अधिकार और अधिकार रहित उत्तरदायित्व था।

**71. Ans: B**

**Solution:** भारत में पहली बार 1773 के रेग्युलेटिंग एक्ट के तहत 1774 में कलकत्ता में एक सर्वोच्च न्यायालय की स्थापना की गई, जिसमें एक मुख्य न्यायाधीश 'एलिजा इम्पे' तथा तीन अपर न्यायाधीश थे, सुप्रीम कोर्ट के निर्णय के विरुद्ध अपील प्रिवी काउन्सिल में की जा सकती थी। यह एक्ट बिर्टिश सरकार ने कंपनी में व्याप्त भ्रष्टाचार एवम् कुप्रशासन को दूर करने को लाया था। इसके तहत मद्रास और बम्बई प्रेसिडेंसीयों को कलकत्ता प्रेसिडेंसी के अधीन कर दिया था जिसका नियंत्रण गवर्नर जनरल के पास था, गवर्नर जनरल की परिषद् में 4 सदस्य थे।

Best Study के लिए हमारी App को Download करें GK Trick By Nitin Gupta

**72. Ans: C**
**Solution:** 1833 के चार्टर एक्ट के तहत भारतीय कानूनों को संचित लिपिबध्द तथा सुधारने के लिए एक विधि आयोग का गठन किया गया।सर्वप्रथम मैकाले को विधि सदस्य के रूप में गवर्नर जनरल की परिषद में सम्मिलित किया गया था। केवल सपरिषद् गवर्नर जनरल को ही भारत के लिए कानून बनाने का अधिकार था। 1833 के अधिनियम द्वारा कंपनी के चीन से व्यापार तथा चाय सम्बन्धी व्यापार के एकाधिकार को समाप्त कर दिया गया।इस अधिनियम के द्वारा बंगाल के गवर्नर जनरल को अब समूचे भारत का गवर्नर जनरल बना दिया गया।

**73. Ans: D**
**Solution:** 1909 के भारत परिषद अधिनियम के द्वारा मुसलमानों के लिए प्रथक मताधिकार तथा प्रथक निर्वाचन क्षेत्रों की स्थापना की गई। इस सम्बन्ध में लार्ड मिंटो ने लार्ड मार्ले को लिखा था कि" हम नाग के दांत बो रहे हैं और इसका फल भीषण होगा"।

**74. Ans: C**
**Solution:** 1935 के भारत शासन अधिनियम द्वारा सर्वप्रथम भारत पर संघात्मक सरकार की स्थापना की गई, इस संघ को ब्रिटिश भारतीय प्रांत तथा कुछ भारतीय राष्ट्र संघ में शामिल होना चाहती थी मिलाकर बनाया गया था। 1935 के अधिनियम द्वारा प्रांतों में द्वैध शासन समाप्त करके केंद्र में द्वैध शासन लागू किया गया। इसके द्वारा प्रान्तो को स्वायत्तता प्रदान की गई।

**75. Ans: C**
**Solution:** सविधान राजनीतिक सलाहकार बीएन राव द्वारा तैयार किए गए संविधान के प्रारूप पर विचार विमर्श करने के लिए संविधान सभा द्वारा 29 अगस्त 1947 को अध्यक्ष डॉक्टर भीमराव अंबेडकर बनाये गए। समिति के अन्य सदस्य, एन. गोपाल स्वामी आयंगर, ए. के. अय्यर, कन्हैयालाल माणिकलाल मुंशी, सैय्यद मुहम्मद सादुल्ला, ए. एम्. माधव, डी.पी. खेतान । समिति ने संविधान के प्रारूप पर विचार-विमर्श करने के बाद 21 फरवरी 1948 को अपनी रिपोर्ट संविधान सभा को पेश की।

**76. Ans: D**
**Solution:** लार्ड बिलियम् बैंटिक भारत के प्रथम गवर्नर जनरल थे इनका कार्यकाल 1828 से 1833 था। बैंटिक ने 1829 में सती प्रथा पर रोक लगाई, 1830 में ठगी प्रथा को समाप्त किया तथा नरबलि प्रथा का अंत भी बैंटिक ने ही किया। व्यपगत के सिद्दांत की शुरुआत लार्ड ड़लहौजी के द्वारा की गई थी।

**77. Ans: B**
**Solution:** साइमन कमीशन का भारत आगमन 1928 में हुआ था इस समय भारत में लार्ड इरविन वायसराय थे।साइमन कमीशन की नियुक्ति 1919 के भारत शासन अधिनियम की व्यवहारिकता की जाँच करने के लिए की गई थी।लेकिन इस आयोग में एक भी भारतीय न होने के कारण इसका भारत में भारी विरोध हुआ।इस विरोध प्रदर्शन में पुलिस की लाठी लगने से लाला लाजपत राय की म्रत्यु हो गई थी।

**78. Ans: A**
**Solution:** चार्टर एक्ट 1813 के प्रावधान के अनुसार ईस्ट इंडिया कंपनी का भारत के व्यापार से एकाधिकार समाप्त कर दिया गया. ब्रिटिश कारखानों में कच्चे माल की बढ़ती मांग को देखते हुए भारत मे कृषि का वाणिज्यीकरण कर दिया गया. इस प्रकार कथन 1 और 2 सही है. कथन 3 में कहा गया वाक्य कार्ल मार्क्स का नहीं बल्कि लार्ड विलियम बैंटिक के द्वारा कहा गया था.

**79. Ans: A**
**Solution:** स्थायी बंदोबस्त व्यवस्था लार्ड कॉर्नवालिस के द्वारा वर्ष 1793 में लायी गयी. इसके अंतर्गत भूमि का स्वामी जमींदार को बनाया गया तथा कंपनी की आय को निश्चित कर दिया गया. जमींदार का कार्य किसानों से लगान की वसूली कर अपना हिस्सा रखकर शेष हिस्सा एक तय तिथि से पूर्व कंपनी के पास पहुँचा देना था.

**80. Ans: C**
**Solution:** रैयतवाड़ी व्यवस्था का जन्मदाता टॉमस मुनरो और कैप्टेन रीड दोनों को माना जाता है. सर्वप्रथम वर्ष 1792 में इस व्यवस्था को कैप्टेन रीड के द्वारा बारा महल जिले में लागू किया गया. 1820 में इसे मद्रास में तथा बाद के वर्षों में बॉम्बे तथा सम्पूर्ण दक्कन में लागू कर दिया गया. इस व्यवस्था में भूमि का स्वामी किसानों को माना गया था.

**81. Ans: C**
**Solution:** तीनकठिया प्रथा के अंतर्गत अंग्रेज बागान मालिकों ने अनुबंध कर किसानों को उनकी जमीन के 3/20 भाग पर नील की खेती को अनिवार्य कर दिया था. यह व्यवस्था मुख्य रूप से बिहार के चंपारण क्षेत्र में लागू की गयी थी.

**82. Ans: B**
**Solution:** पुस्तक पावर्टी एंड अन ब्रिटिश रूल इन इंडिया के लेखक दादा भाई नौरोजी थे. इस पुस्तक में इन्होंने भारत से ब्रिटेन हेतु 'धन के निष्कासन' का सिद्धांत दिया था. रमेश चंद्र दत्त ने इकोनॉमिक हिस्ट्री ऑफ इंडिया नामक पुस्तक लिखी थी.

Best Study के लिए हमारी App को Download करें GK Trick By Nitin Gupta

**83. Ans: A**
**Solution:** 1857 की क्रांति को भारत का प्रथम राष्ट्रीय स्वतंत्रता संघर्ष माना जाता है. डलहौजी की व्यपगत नीति तथा वेलेजली की सहायक संधि की नीति ने इसमें महत्वपूर्ण कारक की भूमिका निभायी थी. ब्लैक होल ट्रेजेडी का इससे कोई संबंध नहीं था.

**84. Ans: C**
**Solution:** 1857 की क्रांति का प्रसार देश के विभिन्न भागों में हुआ और अलग अलग क्षेत्रो में उसका नेतृत्व अलग अलग नेताओ के द्वारा किया गया. लखनऊ में क्रांति का नेतृत्व बेगम हजरत महल ने किया था जबकि वीर कुंवर सिंह ने भोजपुर क्षेत्र और खान बहादुर खान ने क्रांति का नेतृत्व रूहेलखंड क्षेत्र में किया था.

**85. Ans: B**
**Solution:** 1857 के विद्रोह की प्रकृति के संबंध में अलग अलग विद्वानों ने अलग अलग विचार प्रस्तुत किये हैं. इनमें से जेम्स आउट्रम एवं डब्ल्यू टेलर ने इसे अंग्रेजो के विरुद्ध हिन्दू - मुस्लिम षड्यंत्र की संज्ञा दी थी. एल आर रीज ने इसे धर्मयुद्ध कहा तो टी आर होम्स ने सभ्यता एवं बर्बरता के बीच संघर्ष की संज्ञा दी.

**86. Ans: D**
**Solution:** संन्यासी विद्रोह के संबंध में उपर्युक्त सभी कथन सत्य है. अकाल के समय भी जबरदस्ती लगान वसूली के विरोध में शुरू हुए इस विद्रोह का प्रभाव क्षेत्र बंगाल था. इसमें हिन्दू मुस्लिम ने मिलकर भाग लिया तथा बंकिम चंद्र चट्टोपाध्याय की पुस्तक आनंद मठ में इस विद्रोह का उल्लेख किया गया है.

**87. Ans: B**
**Solution:** कूका आंदोलन पंजाब में हुआ था. भगत जवाहर मल एवं राम सिंह कूका ने इस आंदोलन को नेतृत्व प्रदान किया था. यह आंदोलन सिख धर्म मे व्याप्त अंधविश्वास और बुराइयों को दूर करने के लिए किया गया था. उल्लेखनीय है कि मणिपुर क्षेत्र में कूकी विद्रोह हुआ था.

**88. Ans: C**
**Solution:** बिरसा मुंडा ने मुंडा विद्रोह को नेतृत्व प्रदान किया था. यह विद्रोह वर्तमान झारखंड के राँची और आस पास के क्षेत्र में हुआ था. विद्रोह का प्रमुख कारण मुंडा लोगों की परंपरागत खेती की व्यवस्था खूंटकट्टी में अंग्रेजों का हस्तक्षेप था.

**89. Ans: A**
**Solution:** उदंत मार्तण्ड भारत मे हिंदी का पहला समाचार पत्र था जिसका प्रकाशन जुगल किशोर ने किया था. इस समाचार पत्र का प्रकाशन नागपुर से नहीं बल्कि कोलकाता से होता था.

**90. Ans: B**
**Solution:** भारत के स्थानीय भाषा मे छपने वाले समाचार पत्रों के प्रतिबंध हेतु 'द वर्नाक्यूलर प्रेस एक्ट' वर्ष 1878 में लार्ड लिटन के द्वारा लाया गया था. 1882 में लार्ड रिपन के समय यह कानून वापस ले लिया गया. चार्ल्स मेटकॉफ को भारतीय समाचार पत्रों का मुक्तिदाता कहा जाता है.

**91. Ans: B**
**Solution:** लार्ड वेलेजली ने वर्ष 1800 में कंपनी के असैनिक अधिकारियों की शिक्षा के लिए फोर्ट विलियम कॉलेज की स्थापना की गई थी.

**92. Ans: D**
**Solution:** वुड्स डिस्पैच को भारतीय शिक्षा का मैग्नाकार्टा कहा जाता है. इसमें लंदन विश्वविद्यालय की तर्ज पर कलकत्ता, बंबई और मद्रास में विश्वविद्यालय खोले जाने का सुझाव दिया गया था न कि इलाहाबाद, पटना और बनारस में. उपर्युक्त अन्य सभी प्रावधान इसी से संबंधित हैं.

**93. Ans: B**
**Solution:** ब्रिटिश सरकार ने जुलाई, 1905 में बंगाल विभाजन की घोषणा की थी। 07 अगस्त, 1905 को बंगाल विभाजन के विरोध में कलकत्ता के टाउन हॉल में एक विशाल प्रदर्शन का आयोजन किया गया तथा स्वदेशी आन्दोलन शुरू करने की घोषणा की गयी। 06 अक्टूबर, 1905 को बंगाल विभाजन के प्रभावी होने पर 'रक्षा बंधन' दिवस के रूप में मनाया गया। 16 अक्टूबर, 1905 को बंगाल विभाजन विधिवत रूप में लागू हुआ तथा आन्दोलनकारियों द्वारा यह दिन 'शोक दिवस' के रूप में मनाया गया।

**94. Ans: B**
**Solution:** कांग्रेस के लिए समर्थन प्राप्त करने के उद्देश्य से जुलाई, 1889 में लन्दन में विलियम डिग्बी की अध्यक्षता में 'ब्रिटिश कमेटी ऑफ इंडिया' की स्थापना की गयी थी। यह इंडियन नेशनल कांग्रेस की ही एक समिति थी। इस समिति ने भारतीय मामलों से अंग्रेजों को अवगत कराने के उद्देश्य से 'इंडिया' नामक साप्ताहिक पत्र निकाला था।

Best Study के लिए हमारी App को Download करें GK Trick By Nitin Gupta

**95. Ans: C**

**Solution:** 1888 ई. में सर सैयद अहमद खां ने एक संयुक्त भारतीय राजभक्त सभा (United Indian Patriotic Association) का निर्माण किया। इस सभा का उद्देश्य कांग्रेस के प्रचार को निष्फल करना था और लोगों को कांग्रेस से दूर रखना था।

**96. Ans: B**

**Solution:** वर्ष 1924 में बेलगाँव में आयोजित कांग्रेस अधिवेशन की अध्यक्षता महात्मा गाँधी ने की थी। उपर्युक्त कांग्रेस अधिवेशन और उनके अध्यक्षों का सही सुमेल निम्नलिखित है –

- कानपुर, 1925 - सरोजिनी नायडू
- बेलगाँव, 1924 - महात्मा गाँधी
- कराची, 1931 - वल्लभ भाई पटेल
- हरिपुरा, 1938 - सुभाष चन्द्र बोस

**97. Ans: D**

**Solution:** कांग्रेस के उदारवादी चरण के प्रमुख नरमपंथी नेता – दादा भाई नौरोजी, बदरुद्दीन तैय्यबजी, फिरोजशाह मेहता, पी. आनंद चार्लू, सुरेन्द्र नाथ बनर्जी, रोमेश चन्द्र दत्त, आनंद मोहन बोस, गोपाल कृष्ण गोखले आदि थे। बाल गंगाधर तिलक, मदन लाल और ऊधम सिंह गरमपंथी नेता थे।

**98. Ans: A**

**Solution:** सर वैलेन्टाइन शिरोल ने बाल गंगाधर तिलक को भारत में अशांति का जन्मदाता कहा था। बाल गंगाधर तिलक सेवा और बलिदान में विश्वास करते थे तथा उन्होंने कई बार सरकार को चुनौती दी थी।

**99. Ans: A**

**Solution:** अलीपुर षड्यंत्र मामले (1908) में अरविन्द घोष और बारीन्द्र घोष सहित 39 लोग अवैध हथियार रखने के आरोप में गिरफ्तार हुए थे जिनमें से 17 लोगों को सजा सुनाई गयी थी। इस मामले में नरेंद्र गोसाईं सरकारी गवाह बन गए थे। बाद में कन्हाई लाल दत्त और सत्येन्द्र बोस ने जेल में नरेंद्र गोसाईं की गोली मारकर हत्या कर दी थी।

**100. Ans: B**

**Solution:** 09 अगस्त, 1925 को उत्तर रेलवे के लखनऊ – सहारनपुर संभाग के काकोरी नामक स्थान पर 'आठ डाउन सहारनपुर – लखनऊ पैसेंजर ट्रेन' पर डकैती डाल कर सरकारी खजाने को लूटा गया। यह घटना काकोरी काण्ड नाम से जानी जाती है। इस घटना में 29 क्रांतिकारियों को गिरफ्तार किया गया। जिनमें राम प्रसाद बिस्मिल, अशफाक़उल्ला, रोशन लाल एवं राजेन्द्र लाहिड़ी को फांसी की सजा हुई जबकि चन्द्र शेखर आजाद फरार हो गए थे।

**101. Ans: B**

**Solution:** जून, 1897 में चापेकर बंधुओं – दामोदर हरि चापेकर, बाल कृष्ण हरि चापेकर और वासुदेव हरि चापेकर ने पूना की प्लेग कमेटी के अध्यक्ष रैंड और लेफ्टिनेंट आयर्स्ट की हत्या की थी।

**102. Ans: B**

**Solution:** 30 अप्रैल, 1908 को बिहार के मुजफ्फरपुर में खुदीराम बोस और प्रफुल्ल चाकी ने किंग्सफोर्ड पर बम फेंका परन्तु किंग्सफोर्ड बच गया और राष्ट्रीय आन्दोलन के हमदर्द मिस्टर कैनेडी की पत्नी और पुत्री मारी गयी। इसके बाद प्रफुल्ल चाकी ने आत्महत्या कर ली तथा खुदीराम बोस को गिरफ्तार कर फांसी की सजा सुनाई गयी।

**103. Ans: D**

**Solution:** निष्क्रिय विरोध के सिद्धांत का प्रतिपादन अरबिंद घोष ने अपनी पुस्तक 'वन्दे मातरम्' में किया था।

**104. Ans: B**

**Solution:** 27 सितंबर, 1925 को केशव बलिराम हेडगेवार ने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की स्थापना की थी। इसका मुख्यालय नागपुर (महाराष्ट्र) में स्थित था।

**105. Ans: D**

**Solution:** भगत सिंह, चन्द्र शेखर आजाद और राम प्रसाद बिस्मिल हिन्दुस्तान रिपब्लिकन एसोसिएशन के सदस्य थे जबकि शिव वर्मा हिन्दुस्तान सोशलिस्ट रिपब्लिकन एसोसिएशन के सदस्य बने थे।

**106. Ans: D**

**Solution:** रास बिहारी बोस का संबंध दिल्ली षड्यंत्र केस से था ना कि नासिक षड्यंत्र केस से। अन्य विकल्प सही सुमेलित हैं।

**107. Ans: B**

**Solution:** अक्टूबर, 1930 में भगत सिंह, राजगुरु और सुखदेव को लाहौर षड्यंत्र केस के अंतर्गत मौत की सजा सुनाई गयी थी। इन्हें 23 मार्च, 1931 को फांसी दी गयी थी। लाहौर षड्यंत्र केस में बटुकेश्वर दत्त को फांसी नहीं दी गयी थी बल्कि कालापानी की सजा देकर उन्हें अंडमान की सेल्यूलर जेल भेज दिया गया था।

Best Study के लिए हमारी App को Download करें GK Trick By Nitin Gupta

**108. Ans: D**

**Solution:** फरवरी, 1905 में लन्दन में श्यामजी कृष्ण वर्मा ने भारत में स्वशासन की प्राप्ति के उद्देश्य से इंडियन होमरूल सोसाइटी की स्थापना की थी। इस सोसाइटी द्वारा ही लन्दन में इंडिया हाउस की स्थापना की थी। इस सोसाइटी द्वारा एक समाचार पत्र 'द इंडियन सोशियोलॉजिस्ट' का प्रकाशन किया गया था।

**109. Ans: C**

**Solution:**

कानपुर षड्यंत्र केस (1924)
हिंदुस्तान सोशलिस्ट रिपब्लिकन एसोसिएशन (1928)
मेरठ षड़यंत्र केस (1929)
कांग्रेस सोशलिस्ट पार्टी (1934)

**110. Ans: A**

**Solution:**

बंगाल के राष्ट्रवादी मुसलमानों ने 1906 ई० में अहरार आन्दोलन शुरू किया। इस आन्दोलन के नेताओं में मौलाना मुहम्मद अली, हकीम अजमल खाँ, हसन इमाम, नजरूल हक, मौलाना जफर अली खाँ आदि सम्मिलित थे। इन नेताओं ने बड़े जोरदार ढंग से यह प्रस्तावित किया कि मुसलमानों को अब ब्रिटिश सरकार की बिल्कुल ही चाटुकारी नहीं करनी चाहिए और उन्हें राष्ट्रीय आन्दोलन में भाग लेना चाहिए।

**111. Ans: B**

**Solution:**

कथन 1 असत्य है। 1921-22 ई० में अवध के किसानों ने एका आन्दोलन चलाया।यह आन्दोलन हरदोई , बहराइच , सुल्तानपुर , बाराबंकी और सीतापुर क्षेत्र में केन्द्रित था। कथन 2 सत्य है। एका आन्दोलन के प्रमुख नेता मदारी पासी और सहरेब थे। ये दोनों किसान थे और निम्न जाति के थे। वस्तुतः यह आन्दोलन पासी एवं यादवों द्वारा चलाया गया था। इस आन्दोलन के नेताओं ने घोषणा की कि किसान उन खेतों को न छोड़ें जो गैर कानूनी रूप से उनसे छीने गए हों। वे केवल सुनिश्चित लगान दें तथा उसकी रशीद माँगें।

**112. Ans: C**

**Solution:**

समाधान :

भारत का रक्षा अधिनियम, 1915 एक आपातकालीन आपराधिक कानून था, जिसे 1915 में भारत के गवर्नर-जनरल द्वारा प्रथम विश्व युद्ध के दौरान और उसके बाद राष्ट्रवादी और क्रांतिकारी गतिविधियों को रोकने के इरादे से लागू किया गया था। इस अधिनियम को पहली बार 1915 की असफल ग़दर षड्यंत्र के बाद लाहौर षड़यंत्र परीक्षण के दौरान लागू किया गया था, और पंजाब में ग़दर आंदोलन और बंगाल में अनुशीलन समिति को कुचलने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी।

**113. Ans: C**

**Solution:**

**समाधान :**

**दी गई घटनाओं का कालक्रम -**

अलीपुर बम कांड (1908) ⟶ दिल्ली - लाहौर षड्यंत्र केस (1912) ⟶ काकोरी ट्रेन डकैती (1925) ⟶ चटगाँव शस्त्रागार छापा (18 अप्रैल 1930) ⟶ डलहौज़ी स्क्वायर बम कांड (25 अगस्त, 1930)।

**114. Ans: B**

**Solution:**

**समाधान :**

**सही जवाब**

सन् 1917 में चंपारण आंदोलन गांधी जी के नेतृत्व में पहला आंदोलन था, इसमें नील की खेती करने वाले किसानों की व्यथा को संबोधित किया गया था।

**अहमदाबाद मिल हड़ताल (1918)** - जिसमें गांधी जी ने श्रमिकों और मिल मालिकों के बीच विवाद में हस्तक्षेप किया और आमरण अनशन किया।

**सन् 1918 का खेड़ा सत्याग्रह** – यह गांधी जी का पहला असहयोग आंदोलन था जिसमें किसानों के संघर्ष के कारण भारी भू-राजस्व की माँग वापस ले ली गई थी। चंपारण सत्याग्रह और अहमदाबाद मिल हड़ताल के बाद यह तीसरा सत्याग्रह आंदोलन था।

**रौलट सत्याग्रह (1919)** - 1919 के रौलट एक्ट के खिलाफ एक हड़ताल थी।

इसलिए, विकल्प b सही उत्तर है।

**115. Ans: B**

**Solution:**

**समाधान :**

**सही जवाब**

1929 में, भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस का लाहौर अधिवेशन भारतीय स्वतंत्रता के इतिहास में महत्वपूर्ण है क्योंकि आईएनसी के सदस्यों ने प्रस्ताव पारित किया जिसमें वे पूर्ण स्वराज को अपना मुख्य लक्ष्य घोषित करते हैं, इसलिए विकल्प B सही है। विकल्प A सही नहीं है क्योंकि 1929 भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस का सत्र कांग्रेस के उद्देश्य के रूप में स्वशासन की उपलब्धि से संबंधित नहीं है। विकल्प C मान्य नहीं है क्योंकि 1929 भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस का सत्र असहयोग आंदोलन से संबंधित नहीं है।

Best Study के लिए हमारी App को Download करें GK Trick By Nitin Gupta

**116. Ans: A**

**Solution:**

समाधान :

कानून के सदस्य, सी.पी. इल्बर्ट ने 1883 में न्यायपालिका में इस भेदभाव को समाप्त करने हेतु एक विधेयक पेश किया था लेकिन यूरोपीय लोगों ने इस विधेयक का कड़ा विरोध किया था। कानून की प्रणाली के अनुसार, एक यूरोपीय न्यायाधीश या यूरोपीय मजिस्ट्रेट द्वारा ही किसी यूरोपीय पर विचार किया जा सकता है। अयोग्यता, अन्यायपूर्ण थी और इसे न्यायपालिका के भारत में जन्में सदस्यों पर अनावश्यक अवज्ञा और अपमान करने का प्रयास किया गया था।

**117. Ans: A**

**Solution:**

जवाहर लाल नेहरू की जीवनी फ्रैंक मोरेस द्वारा लिखित है| फ्रैंक मोरेस का जन्म 1907 में बॉम्बे में हुआ था| एक कैथोलिक सिविल इंजीनियर के बेटे "फ्रैंक मोरेस" स्वतंत्रता के बाद भारत के कई प्रमुख समाचार पत्रों के संपादक थे, जिनमें द इंडियन एक्सप्रेस शामिल था।

**118. Ans: D**

**Solution:**

दिए गए दोनों कथन गलत हैं।

खिलाफत आंदोलन को प्रारंभ करने का श्रेय अली बन्धु शौकत अली और मुहम्मद अली को है।इस आंदोलन का कांग्रेस सहित महात्मा गांधी ने समर्थन किया था, जिससे हिन्दू मुस्लिम एकता में वृद्धि हुई थी।

**119. Ans: B**

**Solution:**

साइमन कमीशन का गठन 1927 में किया गया था, इसके गठन का मुख्य उद्देश्य भारत मे संवैधानिक सुधार के बारे में अध्ययन करना था। भारतीयों द्वारा इस समिति में एक भी भारतीय न होने के कारण व्यापक स्तर देश के विभिन्न भागों में विरोध प्रदर्शन किया गया था।

**120. Ans: C**

**Solution:** सन् 1907 का कांग्रेस अधिवेशन सूरत में संपन्न हुआ था जिसकी अध्यक्षता ' रास बिहारी घोष' ने की थी। इसी वार्षिक अधिवेशन में उदारवादी और उग्रवादियों में अध्यक्ष पद को लेकर हुए विवाद के कारण कांग्रेस का विभाजन हो गया।

**अन्य तीनों अधिवेशन -**

1-1905 (बनारस) - गोपाल कृष्ण गोखले

2-1906 (कलकत्ता)- दादाभाई नौरोजी

3-1910 (इलाहबाद)-विलियम वेडरबर्न

**121. Ans: C**

**Solution:** अंबिका चरण मजूमदार की अध्यक्षता में वर्ष 1916 में लखनऊ में कांग्रेस का वार्षिक सम्मेलन संपन्न हुआ जिसमें दो महत्वपूर्ण घटनाएं घटी -

1- **सूरत अधिवेशन** (1907) में कांग्रेस से बाहर कर दिए गए उग्रवादियों(गरमपंथी) को पुनः कांग्रेस में प्रवेश दिया गया।

2- कांग्रेस और मुस्लिम लीग के बीच एक ऐतिहासिक लखनऊ समझौता संपन्न हुआ जिसे कांग्रेस - लीग योजना और लखनऊ पैक्ट के नाम से जाना जाता है।

**122. Ans: B**

**Solution:** 30 दिसंबर 1906 को ढाका में आयोजित एक बैठक में ढाका के नवाब सलीमुल्लाह के नेतृत्व में अखिल भारतीय मुस्लिम लीग की स्थापना की गई। इसके प्रथम अध्यक्ष वकार उल मुल्क मुस्ताक हुसैन थे। इसकी स्थापना का उद्देश्य ब्रिटिश सरकार के प्रति मुसलमानों में निष्ठा बढ़ाना, मुसलमानों के राजनैतिक अधिकारों की रक्षा करना तथा भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के प्रति मुसलमानों में घृणा फैलाना था। सन 1908 में अखिल भारतीय मुस्लिम लीग की एक लंदन शाखा की स्थापना अमीर अली की अध्यक्षता में की गई थी।

**123. Ans: B**

**Solution:** कथन 2 असत्य है। इंडियन होमरूल सोसायटी ने लंदन में ही इंडिया हाउस की भी स्थापना की थी तथा ' इंडियन सोशलॉजिस्ट' नामक पत्रिका का प्रकाशन प्रारंभ किया। कथन 1 सत्य है।

**124. Ans: B**

**Solution:** सन् 1913 में सोहन सिंह भाकना के द्वारा ' हिंदुस्तान एसोसिएशन ऑफ पेसिफिक कोस्ट' नामक संस्था की स्थापना की गई जिसके द्वारा 'गदर' नामक एक अखबार(अंग्रेजी उर्दू मराठी और पंजाबी में) निकाला गया फलस्वरुप इस संस्था का नाम भी गदर पार्टी पड़ गया। गदर आंदोलन सैन फ्रांसिस्को में युगांतर आश्रम की स्थापना कर अपनी गतिविधियों का संचालन किया।

लाला हरदयाल इस संस्था के पथ प्रदर्शक थे।

**125. Ans: C**

**Solution:** हेमचंद्र कानूनगो पेरिस में एक रूसी व्यक्ति से सैन्य प्रशिक्षण प्राप्त कर सन् 1908 में भारत आए और कलकत्ता के मणिकतल्ला में बम बनाने का कारखाना खोला।

Best Study के लिए हमारी App को Download करें GK Trick By Nitin Gupta

**126. Ans: A**

**Solution:**

दी गयी घटनाओं का सही कालक्रम है-

1-दांडी मार्च- 5 मार्च 1930

2-मैकडोनाल्ड अवार्ड - 16 अगस्त 1932

3-पूना पैक्ट- 25 सितंबर 1932

4- तृतीय गोलमेज सम्मेलन- 17 नवम्बर-24दिसम्बर 1932

**127. Ans: A**

**Solution:**

1932 में महात्मा गांधी जी के द्वारा " आल इंडिया एंटी अनटचेबिलिटी लीग" की स्थापना की गई थी।

इसे बाद में हरिजन सेवक संघ के नाम से पुकारा जाने लगा।

इसके संस्थापक अध्यक्ष घनश्याम दास बिड़ला थे।

जबकि अमृत लाल ठक्कर( ठक्कर बापा) इसके संस्थापक सचिव थे।

**128. Ans: D**

**Solution:**

दिए गए विकल्प में बंगाल और पंजाब में कांग्रेस की सरकार नही हैं

उल्लेखनीय है 1937 में हुए 11 प्रान्तों के चुनाव में , कांग्रेस ने 8 प्रान्तों ( 6 प्रान्त- संयुक्त प्रान्त,मद्रास, बम्बई, मध्य प्रान्त ,उड़ीसा बिहार में अपनी सरकार तथा 2 प्रान्त असम और पश्चिमोत्तर प्रान्त में सहयोगी की भूमिका में रही थी) में अपनी सरकार बनाई थी।

बंगाल, पंजाब, और सिंध प्रांत में कांग्रेस की सरकार नही बनी थी।

**129. Ans: C**

**Solution:**

1939 में सुभाष चन्द्र बोस के कांग्रेस के अध्यक्ष के पद से इस्तीफा देने के बाद, डॉ राजेंद्र प्रसाद को भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस का अध्यक्ष चुना गया था।

कांग्रेस के अध्यक्ष पद से इस्तीफा देने के बाद सुभाष चंद्र बोस द्वारा कांग्रेस के अंतर्गत " फारवर्ड ब्लॉक" नामक राजनीतिक संस्था का गठन किया गया था।

**130. Ans: C**

**Solution:**

1940 में लीग के लाहौर अधिवेशन में मुहम्मद अली जिन्ना के नेतृत्व में " द्विराष्ट्र के सिद्धांत " का प्रस्ताव पारित किया गया था।

नोट- इस प्रस्ताव में पाकिस्तान शब्द का प्रयोग नही किया था।

इस प्रस्ताव का प्रारूप सिकन्दर हयात खान ने तैयार किया था, जबकि फजलुल हक द्वारा इसे प्रस्तुत किया गया था।

**131. Ans: D**

**Solution:**

दिए गए दोनो कथन असत्य हैं।

भारत को डोमिनियन स्टेट का दर्जा दिए जाने की बात अनिश्चित भविष्य में की गई थी।

वायसराय की कार्यकारिणी में इस प्रस्ताव में प्रधान सेनापति भारतीय नही होगा, यह प्रावधान था।

अतः दिए गए दोनो कथन सत्य नही हैं।

अनिश्चित भविष्य के मुद्दे को लेकर ही भारतीयों द्वारा इसे अस्वीकार कर दिया गया था।

**132. Ans: B**

**Solution:**

जवाहर लाल नेहरू द्वारा क्रिप्स मिशन के प्रस्तावों को " दिवालिया होने वाला बैंक" कहा था।

क्रिप्स मिशन के प्रस्ताव के विषय में अन्य कथन-

महात्मा गांधी- उत्तर दिनांकित चेक

पट्टाभि सीतारमैया- अगस्त प्रस्ताव का परिवर्धित संस्करण मात्र है।

***नोट- चक्रवर्ती राजगोपालाचारी ने मद्रास लेजिस्लेटिव कौंसिल में क्रिप्स मिशन के प्रस्ताव को स्वीकार करने के लिए एक प्रस्ताव पेश किया था।***

बाद में विरोध होने पर कांग्रेस कार्यकारिणी से इस्तीफा दे दिया था।

**133. Ans: A**

**Solution:**

मौलाना अबुल कलाम आजाद क्रिप्स मिशन से वार्तालाप के दौरान उसके मुख्य प्रवक्ता था।

जबकि जवाहरलाल नेहरू उनके सहयोगी के भूमिका में थे।

**134. Ans: D**

**Solution:**

1942 में बम्बई के ग्वालिया टैंक मैदान में हुए कांग्रेस के अधिवेशन में जवाहरलाल नेहरू द्वारा " भारत छोड़ो प्रस्ताव " प्रस्तुत किया गया था।

इस प्रस्ताव का समर्थन सरदार वल्लभभाई पटेल द्वारा किया गया था।

**135. Ans: C**

**Solution:**

बंगाल के मिदनापुर में तामलुक नामक स्थान पर सतीश सावंत के नेतृत्व में समानांतर सरकार का गठन किया गया था।

इस सरकार को जातीय सरकार भी कहा जाता था।

Best Study के लिए हमारी App को Download करें GK Trick By Nitin Gupta

**136. Ans: A**

**Solution:**

सी आर फार्मूला- 10 जुलाई 1944
लियाकत अली- देसाई पैक्ट- अप्रैल 1945
वेवल योजना- 14 जून 1945

**137. Ans: C**

**Solution:**

1945 के शिमला सम्मेलन में हिन्दू महासभा को वायसरॉय द्वारा भाग लेने के लिए अनुमति नही दी गयी थी।
इसलिए हिन्दू महासभा इस सम्मेलन में भाग नही ले सकी थी।

**138. Ans: D**

**Solution:**

दिए गए तीनो कथन कैबिनेट मिशन के विषय मे सत्य हैं।

**139. Ans: B**

**Solution:**

भारत की आजादी के समय
कांग्रेस के अध्यक्ष- आचार्य जे बी कृपलानी थे।
अन्य तथ्य-
भारत का वायसरॉय- लार्ड माउंटबेटन
ब्रिटेन का प्रधानमंत्री- क्लीमेंट इटली
ब्रिटेन का सम्राट- जार्ज षष्ठ।

**140. Ans: C**

**Solution:**

आजाद हिन्द फौज में सुभाष चन्द्र बोस द्वारा तीन रेजिमेंट का गठन किया था-

1. गांधी रेजिमेंट
2. नेहरू रेजिमेंट
3. आजाद रेजिमेंट

इसके अलावा महिलाओं का भी एक रेजिमेंट था , जिसे" रानी झांसी का रेजिमेंट "  कहा जाता है।

Best Study के लिए हमारी App को Download करें GK Trick By Nitin Gupta

**Daily Current Affairs PDF, Best Test Series, Best GK PDF के लिए हमें Follow करें**

**हमें FOLLOW करें**

- Telegram
- Whatsapp
- Instagram
- Apps
- Youtube

GK Trick By Nitin Gupta
The Ultimate Key to Success.

Welcome To

# GK TRICK BY NITIN GUPTA APP

## यहाँ पर आपको मिलेगा

- Best PDF Notes For All Exams
- Best Test Series For All Exams
- Daily Current Affairs PDF
- सभी Course बहुत ही कम Price पर
- सभी Test Detail Discription के साथ व Analysis करने को सुविधा

